26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 18 अप्रैल, 2026

अंक- 173 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अचानक कैसे सूख गये जैन फार्म के सैकड़ों हरे-भरे पेड़?

## जड़ों में कैमिकल डालकर सुखाया गया?

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भू माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला शहर के जैन फार्म क्षेत्र का है, जहां लगभग डेढ़ सौ हरे-भरे पेड़ों के अचानक सूख जाने से क्षेत्रवासी अचंम्भे में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से पेड़ों को पहले सुखाया गया और अब उन्हें काटने की तैयारी की जा रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही दिन पहले तक ये पेड़ पूरी तरह हरे-भरे और स्वस्थ थे, लेकिन अचानक एक साथ इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों का सूख जाना कई सवाल खड़े करता है। आशंका जताई जा रही है कि किसी रासायनिक पदार्थ का उपयोग कर पेड़ों को जानबूझकर सुखाया गया है, ताकि बाद में उन्हें काटकर प्लॉटिंग की जा सके। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब इन सूखे पेड़ों पर आरा चलाने की तैयारी चल रही है। इसके बावजूद वन विभाग पूरी तरह से अनजान बना हुआ है या फिर जान-बूझकर आंखें मूंदे बैठा है। लोगों में इसको लेकर भारी रोष है।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह हरियाली के लिए बड़ा खतरा साबित होगा। एक ओर जहां सरकार वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बचे हुए पेड़ों को संरक्षित किया जाए। साथ ही वन विभाग की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है और वन माफियाओं पर लगाम कसने के लिए क्या कदम उठाता है। डीएफओ जय सिंह कुशवाहा का कहना है कि अगर पेड़ जान-बूझकर सुखाये गए हैं तो उन लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# हमने भारत के संविधान की रक्षा का जश्न मनाया- प्रियंका गांधी

**प्रियंका बोलीं- केंद्र पुराना बिल वापस लाए**

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि विपक्ष ने संविधान की रक्षा करते हुए सरकार की परिसीमन से जुड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमने भारत के संविधान की रक्षा का जश्न मनाया है। उन्होंने जो परिसीमन लाने की साजिश रची थी, उसे हमने हरा दिया। विपक्ष का कहना है कि सरकार को पुराने महिला आरक्षण विधेयक को वापस लाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन सरकार जिस तरीके से इसे लेकर आई है, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। प्रियंका गांधी ने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि केंद्र पुराना महिला आरक्षण बिल लाए, जो सभी पार्टियों द्वारा पास किया गया था। सोमवार को संसद बुलाइए, बिल लाइए और देखिए कौन महिला विरोधी है।

## ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य फिर कभी बंद न करने पर सहमत- ट्रंप

**वाशिंगटन/ तेहरान ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज दावा किया कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर कभी बंद न करने पर सहमत हो गया है, जबकि ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखता है तो वह जलडमरूमध्य को बंद कर देगा। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, अब इसका ( होर्मुज का ) इस्तेमाल दुनिया के खिलाफ हथियार के रूप में नहीं किया जाएगा। दुनिया के लिए एक महान और शानदार दिन। दूसरी ओर, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ़ ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन तेहरान की अनुमति से ही होगा।




**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



**देश/विदेश से एम.बी.बी.एस. एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें**

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

अंजुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S.' ABROAD

Since 2010

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

तुरंत आवश्यकता युवक-युवतियों की

**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें



डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# शानदार नम्बरों से हुये पास, डीपीएस बिजनौर के छात्रों ने रचा सफलता का नया इतिहास






**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की परीक्षा में अत्यंत उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया आयाम स्थापित किया है। सभी परीक्षार्थियों ने शानदार परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने न केवल उच्च अंक अर्जित किए, बल्कि अपने अनुकरणीय प्रदर्शन से विद्यालय की गरिमा को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। यह उल्लेखनीय सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, अटूट संकल्प तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय में उपलब्ध उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धतियाँ तथा अनुशासित परिवेश ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

छात्र अनुग्रह 96.6 प्रतिशत, निष्ठा 96.6 प्रतिशत, उपलक्ष 96.6 प्रतिशत, रिद्धिमा 96.6 प्रतिशत, अनिग्या 96.4 प्रतिशत, आराध्या भारद्वाज 96 प्रतिशत, सार्थक 95.6 प्रतिशत, वार्तेश 95.5 प्रतिशत, यशिका 95.4 प्रतिशत, आराध्या 95.4 प्रतिशत, अर्नव मान 95.4 प्रतिशत, हितेन 94.8 प्रतिशत, आर्यदेव 94.8, ईशान तयाल 94.6 प्रतिशत, एंजल 94.6 प्रतिशत, शिवेन 94.6 प्रतिशत, ओम त्यागी 93.6 प्रतिशत, अज़लान 93.4 प्रतिशत, सक्षम 93.4 प्रतिशत, कनक गुप्ता 93.2 प्रतिशत, अभिनव मौर्य 92.4 प्रतिशत, मोह. अली मुल्तानी 92.4 प्रतिशत, एलिस भाटी 92 प्रतिशत, संचित 91.6 प्रतिशत, हर्षित 90.8 प्रतिशत, दिव्यांशी 90.2 प्रतिशत, हनिष्का 90 प्रतिशत और हंशिका सिंघल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

डीपीएस बिजनौर द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिजनौर के सर्वश्रेष्ठ औसत परिणाम देने वाले विद्यालयों में दिल्ली पब्लिक स्कूल अग्रणी रहा है, जो इसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्रबंधन का प्रमाण है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों के समन्वय से उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है। छात्रों की यह सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि उनके अभिभावकों, शिक्षकों और पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर जी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की हैं।

## अक्षिता अग्रवाल ने किया टॉप



स्कूल टापर अक्षिता अग्रवाल का मुंह मीठा कराते उसके माता-पिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी ज्वैलर्स सौरभ अग्रवाल व श्रीमती अनुभा अग्रवाल की होनेहार पुत्री अक्षिता अग्रवाल ने आधारशिला स्कूल में सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप कर अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर छात्रा के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्कूल टॉप करने पर होनहार छात्रा अक्षिता अग्रवाल के माता-पिता ने उसका मुंह मीठा कराकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डॉ. सुशील शर्मा का निधन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुशील कुमार शर्मा का निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 70 वर्ष थी। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को दोपहर बाद नगर स्थित शमशान में उनका अंतिम संस्कार कर दिया, उनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, वरिष्ठ चिकित्सक डा सत्येन्द्र कुमार शर्मा, गोविन्द मित्तल, डा एमपी सिंह, सुशील रस्तोगी एडवोकेट, जगत शर्मा, राजेन्द्र त्यागी, डा सुनील गौतम आदि ने डा. सुशील कुमार शर्मा के निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी महिचंद में एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ है। गांव में गुलदार की मौजदूगी के बाद करीब एक सप्ताह पहले वन विभाग की टीम ने एक किसान के खेत पर पिंजरा लगाया था।शुक्रवार को गुलदार के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सास ली। वन रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी महिचंद में लगे पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया है। बताया कि वन विभाग के टीम ने मौके पर जाकर देखा तो करीब पांच/ छह साल का गुलदार पिंजरे में बंद मिला। उनका कहना है कि करीब एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों द्वारा गांव में गुलदार की मौजदूगी होने की सूचना देने के बाद गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में दीपू के खेत में पिंजरा लगा दिया गया था। उनका कहना है कि पिंजरे में कभी बकरी को कभी मुर्गे को बांधा गया था। इसी लालच में गुलदार पिंजरे में फंस गया है। उनका कहना है कि ग्रामीणों की मदद से गुलदार को पकड़कर कृषि विज्ञान केंद्र में रखा गया है। उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश मिलने के बाद शनिवार शाम तक उसे चिड़िया घर में भेजा जाएगा।



नगीना के ग्राम सैदपुरी महिचंद में लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ गुलदार।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बुज़ुर्ग से मारपीट कर 65 हजार लूटने का आरोप, मोबाइल भी छीना

## सुनसान जगह ले जाकर वारदात को दिया अंजाम

## जान से मारने की धमकी देकर हुए फ़रार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में एक बुज़ुर्ग से 65 हज़ार रुपये व सोने की अंगूठी लूट ली। घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस देर रात तक बदमाशों को तलाश करती रही।

स्थानीय मोहल्ला चाहशीरी बी 21 स्थित कांता सदन में रहने वाले 69 वर्षीय वीरेंद्र कुमार भटनागर कल देर शाम करीब 7 बजे घरेलू सामान खरीदने के लिए राम के चौराहे पर गये थे। वीरेंद्र भटनागर के पुत्र विशाल भटनागर द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि राम के चौराहे पर बाइक सावर एक अज्ञात व्यक्ति ने बुज़ुर्ग को बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और ईदगाह के पास एक सुनसान स्थान पर ले गया। वहां पहले से 1-2 लोग और मौजूद थे। आरोप है कि सब ने मिलकर बुज़ुर्ग के साथ मारपीट की। घटना के दौरान आरोपियों ने उनके हाथ की उंगली से सोने की अंगूठी और जेब से 50 रुपये निकाल लिए। बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन कर उससे ऑनलाइन 65 हज़ार रुपये का ट्रांजेक्शन कर लिया। बुज़ुर्ग के अनुसार बदमाशों ने जेब से निकाले 50 रुपये वापस कर दिये और उन्हे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपियों को देर रात तक तलाश किया। पुलिस राम के चौराहे से ईदगाह तक के सीसीटीवी फुटेज खन्गाल रही है। पीड़ित के पुत्र ने पुलिस को घटना की तहरीर दे दी है। पुलिस बारीकी से घटना की जांच कर रही है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बढ़ने वाली है रिकार्डतोड़ गर्मी!

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत आने वाले दो हफ्तों में अभूतपूर्व गर्मी की चपेट में आने वाला है।



रिपोर्ट्स के अनुसार, दुनिया के 25 सबसे गर्म शहरों में से 20 भारत में स्थित हैं, जो इस स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। कई क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की आशंका है, जो न केवल जनजीवन को प्रभावित करेगा बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।

इस भीषण गर्मी के दौरान हीटस्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम तेजी से बढ़ जाता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि लोग दिन के सबसे गर्म समय में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और खुद को ठंडा रखने के उपाय अपनाएं। सरकार और स्थानीय प्रशासन भी इस चुनौती से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन आम नागरिकों की सतर्कता बेहद जरूरी है। यह समय है सावधानी बरतने और खुद तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखने का।

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## राजनीति में पूंजी का बोलबाला

उत्तर प्रदेश की स्थिति पर गौर किया जाये तो माना जाता था कि गरीबों और वंचितों का समर्थन बसपा और सपा को प्राप्त था, पर अब यह स्थिति एकदम उलट सी गई है। मुलायम सिंह के समाजवाद को पंच सितारा होटलों, फिल्मी सितारों और चंद उद्योगपतियों की जेब में पहुंचा कर अमर सिंह ने पार्टी को अभूतपूर्व नुकसान पहुंचाया था और वह अब अखिलेश यादव के नेतृत्व में उससे उबरने का प्रयास कर रही है। इसी तरह प्रदेश में पांच साल पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भले ही समाज का दलित और वंचित तबका अभी भी मायावती से उम्मीदें बनाये रखे पर तथाकथित 'सर्वजन प्रयोग' के बाद यह पार्टी भी अमीरों के हाथों की कठपुतली बनती गई और देखते ही देखते रसातल में पहुंच गई। खुद मायावती को दौलत की बेटी कहा जाने लगा।

लेनिन ने कहा था कि असली राजनीति तभी शुरू होती है, जब उसमें करोड़ों-करोड़ जनता भाग लेने लगती है। पूंजीवादी लोकतंत्र में भी जनता की सहभागिता को बड़ा महत्व दिया जाता है और अब भारत में भी इस पर अनेक नारों के माध्यम से जोर दिया जा रहा है। कार्पोरेट मीडिया मतदान बढ़ने को मानो सारी समस्याओं का हल बता रहा है। दूसरी ओर, असली सवाल अधिक मतदान का नहीं, सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित जनप्रतिनिधियों का चयन है, जो आज करोड़ों में खेल रहे हैं। कई विधानसभा चुनावों में मतदान में जहां जनता ने भारी मतदान के माध्यम से लोकतंत्र में अपनी सहभागिता बढ़ाई है, वहीं वह सभी प्रमुख पार्टियों के नेताओं ही नहीं, छोटी पार्टियों के नेताओं द्वारा आसमान से तारे तोड़ लाने वाले वादों की बरसात से भीग रही है। भाजपा हो या कांग्रेस, जिस प्रकार कर्ज माफी, सिंचाई मुफ्त, इलाज मुफ्त, लैपटाप वितरण, आदि के वादे कर रहे हैं उससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि उनको वोट कितने मिलेंगे, पर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि उनकी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बन भी जाये तो वे इन वादों को पूरा करने के लिए पूंजी कहां से लायेंगे। स्पष्ट है कि सभी पार्टियों द्वारा किये जाने वाले वादों में से अधिकांश वादे हवाई हैं और इनका उद्देश्य केवल येन-केन-प्रकारेण सत्ता की कुर्सियों तक पहुंचना और उसके बाद इतना पैसा कमाना है कि यदि भ्रष्टाचार सार्वजनिक रूप से उजागर हो जाये, पार्टी बाहर का रास्ता दिखा दे और जेल भी जाना पड़े तो कोई बात नहीं।

# महिला आरक्षण व सांसदों की संख्याः प्रतिनिधित्व के साथ संतुलन की चुनौती

**-मरगूब रहमानी**

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में समावेशी प्रतिनिधित्व की मांग समय के साथ और मजबूत हुई है। महिला आरक्षण का मुद्दा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और निर्णय प्रक्रिया में उनकी आवाज़ को सशक्त करना है। साथ ही, जनसंख्या वृद्धि और क्षेत्रीय संतुलन के तर्कों के आधार पर संसद में सांसदों की संख्या बढ़ाने की चर्चा भी समय-समय पर होती रही है।



महिला आरक्षण के पक्ष में व्यापक सहमति है कि इससे लोकतंत्र अधिक समावेशी बनेगा। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ने से नीतियों में सामाजिक संवेदनशीलता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलने की उम्मीद रहती है। स्थानीय निकायों में आरक्षण के अनुभव ने यह संकेत भी दिया है कि महिलाओं की भागीदारी से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ सकती है।

हालांकि, इन सकारात्मक पहलुओं के साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। उदाहरण के लिए, यदि महिला आरक्षण लागू करने के साथ-साथ सांसदों की संख्या भी बढ़ाई जाती है, तो इसका सीधा असर सरकारी खर्च पर पड़ेगा। हर नये सांसद के साथ वेतन, भत्ते, यात्रा सुविधाएं, आवास, स्टाफ और पेंशन जैसे मदों में खर्च बढ़ेगा। पहले से ही राजकोषीय दबाव झेल रही अर्थव्यवस्था में यह अतिरिक्त बोझ दीर्घकालिक वित्तीय संतुलन को प्रभावित कर सकता है। सांसदों की संख्या बढ़ने से सिर्फ आर्थिक भार ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक जटिलताएं भी बढ़ सकती हैं। संसद के कामकाज का प्रबंधन, बहस की गुणवत्ता और निर्णय लेने की प्रक्रिया पर भी इसका असर पड़ सकता है। अधिक संख्या में प्रतिनिधियों के बीच समन्वय बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जिससे विधायी कार्यवाही की दक्षता प्रभावित होने का जोखिम रहता है।

एक और पहलू यह है कि केवल संख्या बढ़ाना ही प्रभावी प्रतिनिधित्व की गारंटी नहीं देता। यदि महिला आरक्षण को लागू करते समय क्षमता निर्माण, राजनीतिक प्रशिक्षण और संस्थागत समर्थन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, तो अपेक्षित परिणाम पूरी तरह हासिल नहीं हो पाएंगे। इसी तरह, सांसदों की संख्या बढ़ाने के बजाय संसाधनों के बेहतर उपयोग, निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन और तकनीकी माध्यमों से प्रतिनिधित्व को मजबूत करने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है।

अंततः, महिला आरक्षण और सांसदों की संख्या बढ़ाने जैसे कदम लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ी आर्थिक और प्रशासनिक चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत इस बात की है कि समावेशिता और वित्तीय विवेक-दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए नीतियां तैयार की जाएं, ताकि लोकतंत्र अधिक प्रभावी और टिकाऊ बन सके।

# नीतीश कुमार का युग ख़त्म बीजेपी युग की शुरुआत

**-शमशाद रशीद माहीगीर, नगीना**



जिनको यह गलत फहमी है राजनीति में पद-पोजीशन काबिलियत से मिलता है, वह कृपया अपने विचारों में बड़ा परिवर्तन कर लें। राजनीति में हर बार काबिलियत से ही सब चीज नहीं मिलती। किस्मत और समीकरण बहुत बड़ी चीज है। अगर किस्मत आपके साथ नहीं है आप कितने भी काबिल हो, समीकरण आपके साथ नहीं है आप कितने भी काबिल हो। राजनीति में आप बहुत किनारे लग जाएंगे, लेकिन अगर किस्मत साथ है और समीकरण सही है और वक्त सही आ गया, तो कुछ भी संभव है। सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री बने हैं। बिहार में पहली बार बीजेपी का मुख्यमंत्री बना है। नीतीश कुमार भारत की राजनीति के एक ऐसे महापुरुष हैं, जिन्होंने एक या दो बार नहीं, 10-10 बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। 21 साल लगातार अगर जीतनराम मांझी वाला समय काट दें। 21 साल बिहार के मुख्यमंत्री रहे। जिस राज्य की हर गली में दो नेता, तीन माफिया रहते हैं, उसे राज्य में राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक बने रहना और बिना बहुमत में आए, हर बार मुख्यमंत्री होना, यह नीतीश कुमार की असाधारण योग्यता का परिचायक है। उनकी राजनीति की आप आलोचना कर सकते हैं। उनके तरीके की आलोचना कर सकते हैं। लेकिन बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर उभरे। जिनका कोई रिप्लेसमेंट नहीं था। आज उनका रिप्लेसमेंट आ गया। नीतीश कुमार ने भारत की राजनीति में जो हासिल किया है, वैसा कद, बिरले ही नेताओं को हासिल हुआ है। उनकी जो उपलब्धियां हैं, वह उनको असाधारण नेता बनाती है। दिल्ली का कंट्रोल आज भी नीतीश कुमार के हाथ में है भले ही उन्होंने मुख्यमंत्री का पद छोड़ दिया हो, दिल्ली की हुकूमत पर आज भी नीतीश कुमार का दबदबा है। कोई जुबान से दबदबा बनाते हैं कोई पर्सनालिटी से बनता है। नीतीश कुमार ने पर्सनालिटी से दबदबा बनाया है। उनका रिप्लेसमेंट अब सम्राट चौधरी हैं। सम्राट चौधरी बीजेपी के कैडर के नेता नहीं हैं, वह शकुनी चौधरी के बेटे हैं, लालू यादव के सबसे खास लोगों में से एक। शकुनी चौधरी वह हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री को मंच से गालियां दी थीं। जान से मारने की धमकियां दी थीं। बाद में समता पार्टी छोड़ते हुए जनता दल होते हुए लालू यादव ने सम्राट चौधरी को बढ़ाया।



और वहां से फिर नीतीश कुमार की कैबिनेट में मंत्री और फिर भाजपा के उपाध्यक्ष होते हुए सिलसिला चलता रहा। और वह सिलसिला चलते-चलते सम्राट चौधरी आज बिहार के मुख्यमंत्री हैं। लेकिन आज कोई सदमे में भी है तो मैं उसका जिक्र भी करूंगा। प्रशांत किशोर का पूरा बिहार का चुनावी कैंपेन सम्राट चौधरी के इर्द-गिर्द रहा। सम्राट चौधरी को कलंकित करने और उनकी राजनीति को खत्म करने का जो अभियान प्रशांत किशोर का था, बीजेपी ने उसका जवाब दिया है।

# भाजपा ने सदैव बाबा साहेब को सम्मान दिया : अशोक राणा

## अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन




**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत रत्न एवं संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुभम मंडप में विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के नगरों एवं ग्रामों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में विधायक अशोक कुमार राणा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संजोए गए सपनों को साकार करने के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के प्रत्येक वर्ग- महिला, युवा, किसान, श्रमिक, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

विधायक अशोक राणा ने अपने संबोधन में पूर्व सरकारों पर संविधान निर्माता की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समय-समय पर डॉ. अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे देश और प्रदेश में अंबेडकर जयंती मनाने के निर्देशों का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया।

कार्यक्रम में राणा प्रियंकर सिंह, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, सुभाष चौहान, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, विनीत कौशिक, आकाश जोशी, सोनू वाल्मीकि सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम मोहड़ा के पूर्व प्रधान होरी सिंह ने तथा संचालन भाजपा जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया हेजलमून स्कूल का फाउंडेशन डे




## छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में 10वां फाउंडेशन डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल द्वारा विद्यालय की पहली मैगजीन अभ्युदय के फ्रंट कवर का भव्य विमोचन करने के पश्चात एंटरप्रेन्योरियल कार्निवल का औपचारिक शुभारंभ किया। शक्ति मित्तल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने विचारों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने 10वें फाउंडेशन डे के उपलक्ष्य में सभी को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस विशेष अवसर पर उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक निरंतर अपना योगदान दिया है। इनमें बीना सैनी, नसरीन अंसारी एवं श्री हर्षित गोयल शामिल रहे। साथ ही विद्यालय के समर्पित कर्मचारियों कांतेश एवं ड्राइवर विपिन कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# चांदपुर के मुस्तफ़ा ने सऊदी अरब में किया देश का नाम रोशन

## परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक पाये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर निवासी निवासी मुस्तफा जैदी ने सऊदी अरब के जेद्दा में सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने देश व परिवार को गौरवान्वित किया। मोहल्ला कटारमल निवासी एस. कासिफ जैदी व डॉ. शीबा अकबर के पुत्र मुस्तफा ज़ैदी ने सऊदी अरब के जेद्दा स्थित इंटरनेशनल इंडियन स्कूल में सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र मौ. मुस्तफा की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों को बधाई दी जा रही है। इस खुशी के मौके पर छात्र मौ. मुस्तफा के नाना डॉ. साजिद अकबर व नानी डॉ. रिहाना अकबर ने मुहल्ले में मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

# रिमांड की अवधि बढ़ी

## 28 तक जेल में रहेंगे तालिब बंधु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीजेएम प्रीति चौधरी ने जेल में बंद तालिब बंधुओं के अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस रिमांड निरस्त करने की अर्जी को निरस्त कर रिमांड की अवधि 28 अप्रैल तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को सीजेएम न्यायालय में बचाव पक्ष एवं अभियोजन पक्ष की ओर से रिमांड निरस्त करने के लिए जोरदार बहस हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद के बाद नवागत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति चौधरी ने खालिद बंधुओं की अर्जी निरस्त कर दी। उनकी रिमांड 28 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। अधीनस्थ न्यायालय में आज शनिवार को जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। गौरतलब है कि एक अप्रैल को बिजनौर में चांदपुर की चुंगी पर आरामशीन की जांच के दौरान पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह व उनके समर्थकों पर हमले के आरोप में नामजद कारोबारी तालिब बंधुओं पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया था। एक अप्रैल को अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद तालिब, खालिद और आबिद को जेल भेज दिया था। इस मामले में विवेचना अधिकारी ने न्यायालय के आदेश पर जेल में जाकर तीनों भाइयों के बयान दर्ज किए थे। इसके बाद सीजेएम ने तालिब बंधुओं की 5 घंटे की पुलिस रिमांड को मंजूर किया था। शुक्रवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से रिमांड निरस्त कराने के लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल की जो अदालत ने निरस्त कर दी और उनकी रिमांड की अवधि 28 अप्रैल तक बढ़ा दी।

# गौकशी के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

## एक के पैर में गोली लगी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस मुठभेड़ में गौकशी की घटना में शामिल एक व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बाद में पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए।

नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी सुशील कुमार पुत्र रामकिशन नगर संयोजक बजरंग दल ने 14 अप्रैल को ग्राम सब्दलपुर तेली के पास गौवंश के अवशेष पाये जाने के सम्बन्ध में थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना के अनावरण के लिए टीम का गठन किया था। पुलिस के अनुसार ग्राम बेरखेड़ा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास पुलिस की मुठभेड़ में वसीम पुत्र याकूब कुरैशी निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि फईम पुत्र तस्लीम निवासी मुहल्ला शाहचन्दन चांदपुर, तहसीन उर्फ कलवा पुत्र शकूरा निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली,फरीद पुत्र बाबू निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला को गिरफ्तार कर लिया, जबकि नईम पुत्र मतलूब निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला, अजीम उर्फ छंगा पुत्र याकूब कुरैशी निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला, तहसीन पुत्र मतलूब निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला थाना चांदपुर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस को गिरफ्तार लोगों के पास से दो तमंचे, 4 कारतूस, पशु काटने के उपकरण, 2200 रूपये नकद, एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी मिली। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल वसीम को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले गई।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी मिलकर जंगलों में घूमने वाले आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर एकांत स्थान पर बांध देते हैं तथा रात्रि में उनकी हत्या कर मांस को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि 13 अप्रैल की रात में ग्राम सब्दलपुर तेली के जंगल में उन्होंने गौकशी की थी तथा उसका मांस बेच दिया था। पुलिस के अनुसार वसीम के विरुद्ध 11व फईम के विरुद्ध 6 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, सुभाष चौधरी आदि शामिल रहे।

# गन्ना विकास परिषद एवं चीनी मिल द्वारा कृषक चौपाल आयोजित

## वैज्ञानिक पद्धति से गन्ना बुवाई करें-डीसीओ

**धामपुर ( चिंगारी )।** गन्ना विकास परिषद धामपुर के ग्राम सरकथल सानी में ज़िला गन्ना अधिकारी (डीसीओ) की अध्यक्षता में गन्ना विकास परिषद धामपुर एवं चीनी मिल धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषकों के मध्य गन्ना बुवाई एवं अन्य समसामयिक विषयों पर एक व्यापक चौपाल का आयोजन किया गया।

जिसमें यूनिट हेड आशीष शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर, सचिव गन्ना समिति धामपुर, मिल के डेवलोपमेन्ट हेड, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ज़िला गन्ना अधिकारी पी एन सिंह द्वारा कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से गन्ना बुवाई करने, समय से बुवाई पूर्ण करने, प्रमाणित एवं स्वीकृत प्रजातियों से बुवाई करने के बारे में प्रेरित किया गया तथा उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग पर विशेष बल दिया गया, जिससे अधिक



किसानों से वार्ता करते हुए यूनिट हेड आशीष शर्मा।

उत्पादन प्राप्त हो सके। साथ ही गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु ट्रेंच विधि, सहफसली खेती एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

चौपाल में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित पाण्डेय ने गेहूं उपरांत बुवाई हेतु बीज की प्रजातिवार उपलब्धता, गन्ने की फ़सल में विभिन्न प्रकार लगने वाले कीट बीमारियों के बचाव हेतु, गन्ना समिति के गोदामों में कृषि निवेशों की उपलब्धता, समन्वित उर्वरक प्रबंधन, फार्म मशीनरी बैंक मे उपलब्ध यंत्रों की उपयोगिता, बीज बदलाव कार्यक्रम के प्रयोग तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। समिति के सचिव विनोद कुमार द्वारा गन्ने की नवीनतम प्रजातियों के गुण एवं लक्षण, उर्वरक वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई। चीनी मिल के गन्ना विकास हेड करुण अग्रवाल एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान द्वारा टॉप बोरर से बचाव हेतु मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, कीटनाशक, यंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तदोपरांत जिला गन्ना अधिकारी एवं यूनिट हेड, विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम कुन्दीपुर में कृषक अनिल कुमार के पेड़ी प्रबंधन के प्लाट का निरीक्षण किया गया।

## जीएसटी विभाग की टीम ने एक प्रतिष्ठान पर मारा छापा

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-कालागढ़ मार्ग स्थित प्रतिष्ठान पर शुक्रवार को जीएसटी विभाग की टीम ने छापेमारी कर करीब 7 घंटे तक रिकॉर्ड खंगाले। बिजनौर से आई जीएसटी विभाग की टीम ने एक दर्जन से अधिक दस्तावेजों की जांच की। जीएसटी विभाग की इस कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार एलआईसी कार्यालय के पास स्थित एक प्रतिष्ठान पर शुक्रवार की दोपहर जीएसटी अधिकारियों का काफिला पहुंचा। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में आई जीएसटी की टीम ने पहुंचते ही संस्थान को चारों ओर से घेर लिया और दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। शाम से लेकर रात 8 बजे तक छापेमारी जारी रही। इस दौरान अधिकारियों ने स्टाक और दस्तावेजों का मिलान किया। टीम के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्यवाही नियमित प्रक्रिया के तहत की जा रही है और पूरी जांच होने के बाद ही पता चल सकेगा। जीएसटी टीम की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर चले गए।

## महिलाओं को समान अधिकार देना जरूरी : डॉ. सिंह




### नारी शक्ति वंदन पर संगोष्ठी का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल पीपलसाना में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक डॉ. एनपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को समाज में समान अधिकार एवं अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है। जिससे देश का विकास संभव हो सके। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है। संगोष्ठी में उपस्थित चंचल सैनी, सलोनी चौहान, हिमांशु कुमार, इकरा परवीन, शैली चौहान, तनु चौहान, ज्योति, वर्षा सैनी, प्रिया चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए, महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुनिका सैनी द्वारा किया गया।

## समस्या का नहीं हुआ समाधान, धरना दिये बैठे हैं किसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर आज शनिवार को किसानों का धरना जारी रहा। किसानों का कहना है कि अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने समस्या के समाधान के लिए उन्हें 14 दिन का वक्त दिया था परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। राष्ट्रीय किसान यूनियन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया था कि मंडावर- बादशाहपुर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की सड़क के किनारे बिछी पटरी को उखाड़कर कुछ दबंग लोगों द्वारा पाइपलाइन को बिछा दिया गया है। विभाग के अधिकारी द्वारा जांच में आरोपों के सही पाए जाने के बाद भी समस्या का समाधान करने में रुचि नहीं ली जा रही है। धरने में विनीत चिकारा,अर्जुन सालान ,रजत मलिक, हुकम सिंह, जयप्रकाश चौधरी ,वसीम अहमद, सबलू प्रधान, अमित राणा ,करणवीर सिंह, रियासत अली, फरमान अली ,विजेंद्र सिंह, सुनील तोमर, मेहुल लांबा आदि शामिल है।



पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर धरना देते हुए किसान।

उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने चिंगारी को बताया कि जिस व्यक्ति ने पीडब्ल्यूडी की सड़क के पास खरंजे पर पाइपलाइन बिछाई है, उसको 8 अप्रैल 2026 को 14 दिन के भीतर पाइपलाइन उखाड़ने का निर्देश दिया गया है, यदि 21 अप्रैल तक उसने नोटिस का पालन करते हुए कार्यवाही नहीं की, तो लोक निर्माण विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्जुन सिंह सालन ने बताया कि 21 अप्रैल तक यदि समस्या का समाधान नहीं होता, तो किसान लोक निर्माण विभाग कार्यालय में तालाबंदी कर देंगे।

## 'नारी शक्ति वंदन' के समर्थन में एसबीडी में विचार गोष्ठी

### छात्राओं व शिक्षिकाओं ने निकाली नारी शक्ति पदयात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में गुरुवार को सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय द्वारा नारी शक्ति पदयात्रा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, समाज सेविका श्रीमती नीरजा सिंह ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर नीरजा सिंह ने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की है। इस अधिनियम के द्वारा जहां महिलाएं और अधिक सशक्त होंगी वहीं समाज में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की प्रगति और उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। राजनीति में 33 प्रतिशत भागीदारी से न केवल वह राजनीतिक और आर्थिक रूप से सुदढ़ होंगी, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति में भी बहुत बड़ा




नारी शक्ति पदयात्रा निकालते हुए शिक्षिकाएं।

परिवर्तन आएगा।

गोष्ठी में महिला सब इंस्पेक्टर शिवानी चौहान ने छात्राओं को सशक्तिकरण की दिशा में सफल एवं आत्मविश्वास विकसित करने पर बल दिया। विचार गोष्ठी का संचालन मिशन शक्ति 05 की नोडल अधिकारी डॉक्टर अल्पना सिंह ने किया। विचार गोष्ठी के पश्चात महाविद्यालय से नारी शक्ति पदयात्रा निकाली गई जिसमें शामिल शिक्षिकाएं और छात्राएं नारे लगाती हुई चल रहीं थी। यह पदयात्रा कालागढ़ मार्ग, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, क्षत्रिय नगर होते हुए विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर रेंजर्स की छात्राएं उपस्थिति रही।

## काव्यांश ने परिवार का नाम रोशन किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन के पौत्र काव्यांश अग्रवाल ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक पाकर सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में द्वितीय स्थान पाने का गौरव अर्जित किया है। सचिन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी शिवानी अग्रवाल के पुत्र



पौत्र को आशीर्वाद देते हुए दिनेश चंद अग्रवाल नवीन।

काव्यांश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल से ही शुरू की थी और वह प्रारंभ से ही सभी कक्षाओं मे उत्कृष्ट अंक प्राप्त करता रहा है। काव्यांश के पिता एवं माता शिवानी अग्रवाल का कहना है कि उनके लाडले बेटे काव्यांश अग्रवाल ने 12वीं कक्षा में भी उल्लेखनीय स्थान पाने के लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर लिया है।

# मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान दिया- साकेन्द्र प्रताप

## चांदपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्लॉक जलीलपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी ने नारी सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस अधिनियम को महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार ऐसी सरकार है, जिसने सही मायनों में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्रदान किए हैं। यह सरकार केवल योजनाएं नहीं बनाती, बल्कि समाज की सोच बदलने का कार्य भी करती है और उसे नई दिशा देती है। अब 'नारी' को केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि 'नारी शक्ति' को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाया गया है। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो आने वाले समय में महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाएगा।

कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि हम सभी मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां नारी का सम्मान हो, हर घर में खुशहाली हो और हमारा हर गांव, हर जिला एवं पूरा देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे।

# जिलाधिकारी को गुरुदेव का साहित्य भेंट किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री परिवार बिजनौर की ओर से सुधा राठी समेत अनेक बहनों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर समेत अनेक अधिकारियों को शांति कुंज हरिद्वार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित साहित्य भेंट किया। गायत्री परिवार की सदस्य सुधा राठी के नेतृत्व में बीना राठी, हृदयेश राठी और श्वेता शर्मा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचीं और जिलाधिकारी जसजीत कौर को गुरुदेव द्वारा लिखित साहित्य भेंट किया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुदेव द्वारा लिखित साहित्य में गहरी रुचि दिखाई और कहा कि वे गुरुदेव के विचारों से प्रभावित हैं। गुरुदेव का साहित्य समस्त मानवता को सच्ची राह दिखाता है। हर मनुष्य को गुरुदेव के साहित्य को पढ़ना चाहिए। इसके उपरांत गायत्री परिवार की बहनों ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह और जेल अधीक्षक डा. अदिति श्रीवास्तव को भी गुरुदेव का साहित्य भेंट किया। सभी अधिकारियों ने साहित्य में गहरी रुचि दिखाई और इससे युवाओं को प्रेरणा लेने को कहा। जेल के बंदियों को गुरुदेव का साहित्य पढ़कर सुनाया जाता है ताकि वे जेल से छूटने के बाद मानवता के सही मार्ग पर चल सकें। सभी अधिकारियों ने गायत्री परिवार के इस कार्य की सराहना की।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट मीटर के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर जमकर हंगामा किया तथा धरना देकर विरोध जताया। महिलाओं ने कुछ देर के लिए रास्ता जाम भी किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया। वहां पहुंचे भाकियू नेता धर्मेंद्र सिंह ने एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि यदि इस सम्बन्ध में कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार की दोपहर को बड़ी संख्या में महिलाएं नगर के फीना रोड स्थित अधिशासी अधिकारी विद्युत कार्यालय पर पहुंचीं तथा नगर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध किया। धरने पर महिलाओं का कहना था कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, तबसे बिजली का बिल अधिक आ रहा है। कनेक्शन अपने घर, उसको चालू कराने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, महिलाओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर ही लगाये जाने की मांग की। भाकियू नेता धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, तबसे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# ट्रॉयल के आधार पर क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मेरठ जोन क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए यूपीसीए के अंतर्गत बिजनौर के अंडर-19 वर्ग के 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जबकि 5 खिलाड़ियों को अतिरिक्त सूची में रखा गया है। क्रिकेट कोच नागेंद्र सारस्वत और बीसीए के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिजनौर में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता के आधार पर यह चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में प्रिंस कुमार, कृष्ण पाल, आदर्श भारद्वाज, अरहम, मौ. फैज, समर्थ सिंह, मौ. समीर, कुंवर रितेश सिंह, वंश अग्रवाल, भव्य प्रताप सिंह, जीत राजपूत, आरुष तोमर, अनिकेत कुमार, अवनीश कुमार गौतम, अंश आर्य, अभिषेक राजपूत और शुभम सार्थक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शुलभ शर्मा, लवीश सिंह, हरजस सिंह, चर्चित चौहान और अंश कौशिक को अतिरिक्त खिलाड़ियों के रूप में रखा गया है।

# शाबाश आरुषि! सबको हुई खुशी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एमडी इंटरनेशनल स्कूल की होनहार छात्रा आरुषि उपाध्याय ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया। आरुषि शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और अनुशासित रही है। आरुषि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और अपनी निरंतर मेहनत को दिया है। एमडी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने भी आरुषि की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि वह एक प्रतिभाशाली छात्रा है। आरुषि का सपना आगे चलकर इंजीनियर बनने का है। आरुषि की माता पवित्रा देवी उपाध्याय और पिता अरुण कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरुषि ने हमेशा लगन और ईमानदारी से पढ़ाई की है। आरुषि का मूल निवास गांव खानजहांपुर बहादर है, जबकि वर्तमान में उनका परिवार सुंदरनगर कॉलोनी, बिजनौर में निवास करता है।



# धरने की सफलता के लिए विद्यालयों में भ्रमण किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी आगामी 2 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले धरने की सफलता के लिए माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षकों से संपर्क कर रहे हैं। शुक्रवार को जिला मंत्री विनोद कुमार के साथ शिक्षकों ने आदर्श इंटर कॉलेज उमरी, देवता इंटर कॉलेज मोरना, जनता इंटर कॉलेज आजमपुर, कृषक इंटर कॉलेज धुंधली, एसएन इंटर कॉलेज गोहावर, आरजीएनपी इंटर कॉलेज राजा का ताजपुर आदि का भ्रमण किया तथा शिक्षकों की समस्याओं को सुना। जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली, विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन, माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा नियमों की स्थापना आदि विभिन्न मांगों को लेकर आगामी दो मई को प्रांतीय आव्हान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन होगा तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से शासन को ज्ञापन दिया जाएगा।

# शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया



**खासपुरा ( चिंगारी )।** श्री गुरु सिंह सभा न्यू गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में 32वां बैसाखी समागम बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें भाई मेहताब सिंह (जालंधर वाले), भाई प्रभजोत सिंह नानकसर (करनाल वाले),भाई विश्वदीप सिंह (पटियाला वाले),कथा वाचक गुरजाप सिंह, गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी ज्ञानी राजदीप सिंह ने संगत को शबद कीर्तन से निहाल किया। 6 अप्रैल से श्री अखंड पाठ साहिब की लड़िया दरबार साहिब में चल रही थी, आखरी लड़ी की समाप्ति कल 16 अप्रैल को हुई। बैसाखी सालाना गुरु पर्व के उपलक्ष में दरबार साहिब को भव्य रूप से संगत द्वारा सजाया गया। गुरु का लंगर अटूट बरताया जा रहा है।

**भगवान परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल पर विशेष**

# श्री राम के काल में भी देखे गये, श्री कृष्ण के युग में भी दिये दर्शन

कल 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव है। भगवान विष्णु के छठवें आवेश अवतार भगवान परशुराम का जन्म भगवान श्री राम से पूर्व हुआ था। श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे। वर्तमान शोधकर्ताओं द्वारा रामायण के आधार पर किए गए शोध के अनुसार श्री राम का जन्म 5114 ईसा पूर्व हुआ था। वहीं मान्यता है कि भगवान परशुराम का जन्म '5142 विपु वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन रात्रि के प्रथम प्रहर' में हुआ था। इनका जन्म समय सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है।

### अक्षय तृतीया का महत्व

पराक्रम के प्रतीक भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग में हुआ था। तेजस्वी, ओजस्वी और वर्चस्वी महापुरुष बने भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था, इसलिए इसी दिन इनका जन्मोत्सव मनाया जाता है। भगवान परशुराम किसी एक समाज विशेष के आदर्श नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के आराध्य हैं और वे चिरंजीवी हैं। मान्यता है कि वे कलियुग के अंत में भी उपस्थित होंगे और कल्प के अंत तक धरती पर तपस्यारत रहेंगे।

### पौराणिक प्रसंग

1. भगवान परशुराम ने ही भगवान श्री कृष्ण को 'सुदर्शन चक्र' उपलब्ध कराया था।



2. सतयुग में जब भगवान श्री गणेश जी ने इन्हें शिव दर्शन से रोका तो क्रोधित परशुराम के फरसे से गणेश जी का एक दांत नष्ट हो गया, जिससे वे 'एकदंत' कहलाए।

3. त्रेता युग में इन्होंने जनक, दशरथ आदि राजाओं का समुचित सम्मान किया और सीता स्वयंवर में भगवान श्री राम का अभिनंदन किया।

4. द्वापर युग में कौरव सभा में इन्होंने भगवान श्री कृष्ण का समर्थन किया।

5. इन्होंने भीष्म पितामह और कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की। सत्य वचन भंग करने पर कर्ण को विद्या विस्मृत होने का श्राप भी दिया।

### तपस्थली

पौराणिक कथाओं के अनुसार 'महेंद्रगिरि पर्वत' भगवान परशुराम की तपस्थली थी और अंततः वे इसी पर्वत पर कल्पांत तक तपस्यारत होने चले गए। आराध्य इष्टदेव आशुतोष शंकर जी से शस्त्र-शास्त्र विद्या का जिन्हें वरदान मिला हो, जो पशुपति शास्त्र के संस्थापक एवं ब्राह्मणों के परम हितैषी हों, उन भगवान परशुराम जी को उनके जन्मोत्सव पर 'शत-शत नमन एवं वंदन।'

**-राकेश कुमार शर्मा**
**मो. 9897638638**

# जनकल्याण हेतु अवतरित हुए थे भगवान परशुराम

भगवान श्री परशुराम का जन्म धरती पर नृपों के बढ़ते अत्याचारों को रोकने, अत्याचारियों का विनाश कर जनकल्याण करने और धर्म की पताका सर्वत्र फहराने के लिए हुआ था। जब यह नाम गूजता है तो साक्षात मृत्यु भी अपना रास्ता बदल देती है। इतिहास के सबसे महान योद्धा जिनके कान्धें पर महादेव का फरसा और आंखों में अधर्मी के लिये काल बसता है। कहानी तब शुरू हुई जब हजारों हाथ वाले सहत्र वाहुवली ने दम्मनी के आश्रम में अपनी मौत को दावत दी। अहंकार में क्रूर उक्त राजा ने कामधेनू गाय को छीना और निहत्थे श्री जगदम्मि की हत्या कर दी। जब पुत्र परशुराम लौटे तो पिता का लहू देखकर उनकी एक हुंकार से तीनों लोक की नींव पूरी तरह डोल गयी, परशुराम ने अपना फरसा उठाया तो उसी क्षण सारे देवताओं ने अपनी आंखें मूद ली। भगवान की पहली धार से हिमालय फट गया और समुद्र की सीमा सात हाथ पीछे हट गयी। भगवान परशुराम ने अपना फरसा हवा में घुमाया तो सहत्र वाहु की हजार भुजायें कटकर गिर गयीं। यह एक पापी का अन्त नहीं था, जहां-जहां भगवान के पांव पड़े, वहां पापियों का अन्त हुआ। जब न्याय स्थापित हो गया तो उस महायोद्वा ने अपनी जीती हुई सारी जमीन दान दे दी और शस्त्रों को विराम दिया। ऐसे अजय महायोद्वा के चरणों में हमारा शत-शत नमन।

**-राजेन्द्र गौतम मो. 8070605376**

# भगवान परशुराम के जनमोत्सव पर कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल को निकाली जाने वाली नगर परिक्रमा (शोभायात्रा) की सफलता के लिए नगर में रहने वाले विप्र बंधुओं के घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया और उनको पंपलेट देकर शोभायात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया। श्री ब्राह्मण सभा पंजीकृत के अध्यक्ष अनिल शर्मा इंजीनियर, महासचिव नवचेतन शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा हलवाई ने बताया कि मोहल्ला गुजरातिरान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से पूर्वाह्न 11 बजे नगर परिक्रमा (शोभायात्रा) प्रारंभ होगी, इससे पूर्व प्रातः 8 बजे मंदिर में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा का स्नान एवं वस्त्र अलंकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए गठित की गई कमेटी में जितेंद्र शर्मा बबलू, ,विनोद शर्मा, सचिनदत्त शर्मा, मुकेश शर्मा, संजीव शर्मा कैटर्स, प्रमोद मिश्रा, हर्ष राणा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख चौराहों पर गैलेक्सी लगाकर नगरवासियों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है।



# अक्षय तृतीया केवल एक तिथि नहीं..

सिविल लाइंस बिजनौर स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के पुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया सनातन परंपरा के अत्यंत पवित्र और स्वयं सिद्ध पर्वों में गिना जाता है। 'अक्षय' का अर्थ है- जो कभी क्षीण न हो, अर्थात इस दिन किए गए शुभ कर्म, दान, जप, तप और पुण्य कार्यों का फल स्थायी और दीर्घकालिक माना जाता है। यही कारण है कि इसे अबूझ मुहूर्त कहा गया है, जिसमें किसी भी प्रकार के शुभ कार्य- जैसे विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ या निवेश- बिना विशेष मुहूर्त के भी किए जा सकते हैं। वर्ष 2026 में यह पावन तिथि 19 अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजकर 49 मिनट से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल प्रातः 7 बजकर 27 मिनट तक रहेगी।

### ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व

ज्योतिषीय दृष्टि से अक्षय तृतीया का महत्व अत्यंत विशेष माना गया है। इस दिन सूर्य मेष राशि में तथा चंद्रमा वृषभ राशि में उच्च स्थिति में माने जाते हैं। सूर्य आत्मबल, ऊर्जा और नेतृत्व का कारक है, जबकि चंद्रमा मन, शांति और स्थिरता का प्रतीक है। जब ये दोनों प्रमुख ग्रह अपने-अपने उच्च स्थान में होते हैं, तब जीवन में ऊर्जा और संतुलन का अद्भुत समन्वय बनता है। यही कारण है कि इस तिथि को आरंभ किए गए कार्यों में स्थायित्व और सकारात्मक परिणामों की संभावना अधिक मानी जाती है।



अक्षय तृतीया से अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक और पौराणिक प्रसंग जुड़े हैं, जो इस तिथि की महत्ता को और अधिक गहराई प्रदान करते हैं। इस दिन भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जिन्हें धर्म की स्थापना और संतुलन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसी तिथि को त्रेतायुग के आरंभ की मान्यता भी प्राप्त है, जिसमें आगे चलकर भगवान श्रीराम का अवतार हुआ और उन्होंने मर्यादा, सत्य और आदर्श जीवन का मार्ग स्थापित किया। उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी सामान्यतः इसी दिन खोले जाते हैं, जो यह संकेत देते हैं कि भक्ति और तीर्थयात्रा के द्वार पुनः खुल रहे हैं।

धार्मिक आचरण की दृष्टि से अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इस दिन अन्न, जल, वस्त्र और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। मंत्र जप, विशेष रूप से 'नमो भगवते वासुदेवाय' का उच्चारण, आध्यात्मिक उन्नति में सहायक माना गया है। पवित्र नदियों में स्नान और पितरों के निमित्त तर्पण करने की भी परंपरा है। आधुनिक समय में इस दिन स्वर्ण क्रय की परंपरा भी व्यापक रूप से प्रचलित है, किंतु इसका मूल भाव केवल भौतिक संग्रह नहीं, बल्कि स्थायित्व, शुद्धता और समृद्धि के प्रतीक के रूप में समझा जाता है।



अंततः अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक आरंभ, संतुलन और सत्कर्मों की निरंतरता का संदेश देने वाली तिथि है। यह हमें प्रेरित करती है कि जब सही समय पर शुद्ध भाव से किया गया कर्म जीवन में जुड़ता है, तो उसका प्रभाव क्षणिक नहीं, बल्कि अक्षय हो जाता है। इसी भाव के साथ यह पावन पर्व मानव जीवन को उन्नति, संतुलन और आध्यात्मिक समृद्धि की दिशा प्रदान करता है।

**-पंडित अभिलाष शर्मा, विष्णुलोक**
सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में बिजनौर।
9457563232

# दुष्कर्म पीड़िता की मां ने एसपी कार्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम सबलगढ़ की एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विडियो में स्वयं को दुष्कर्म पीड़िता की मां बताने वाली महिला पुलिस जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए इंसाफ की गुहार लगा रही है। महिला का आरोप है कि इस मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है, पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों से हमसाज़ है। महिला का कहना है कि पुलिस द्वारा उनके बयान सही तरीके से दर्ज नहीं किए गए, जब वह अपनी बात रखती थी तो मोबाइल रिकॉर्डिंग बंद कर दी जाती थी। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जांच के दौरान उन्हें व उनके परिवार को स्कूल परिसर के गेट से बाहर कर दिया गया, जबकि अंदर पुलिस द्वारा अन्य लोगों से बातचीत की गई। साथ ही उनके पति को डराने-धमकाने की बात भी कही गई है। वीडियो में महिला ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर उसे न्याय नहीं मिला, तो वह अपनी बेटी के साथ एसपी कार्यालय बिजनौर पहुंचकर आत्मदाह जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगी। क्षेत्र के लोगों ने यह मामला अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील बताते हुए प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराकर आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई कराने व पीड़ित परिवार को सुरक्षा दिलाने की अपील की जिससे कोई अप्रिय घटना न हो।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में परिजनों का कॉलेज पर हंगामा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को उसके परिजनों ने कॉलेज पहुंचकर हंगामा किया। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव की महिला ने मंडावली पुलिस को तहरीर देकर किशोरी के साथ गांव के तीन आरोपियों पर छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोप लगाया था, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। शुक्रवार को किशोरी के परिजन क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज पर पहुंचे तथा हंगामा करने लगे। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि कॉलेज स्टाफ के द्वारा उनके पक्ष में बयान देने का दवाब बनाया जा रहा है। परिजनों के द्वारा इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को भी दिया गया था। परिजनों का कहना है कि आरोपी दूसरे संप्रदाय के है। पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही हंगामा करने वाले वहां से जा चुके थे। सभी आरोप निराधार है, पुलिस हर पहलू की बारीकी से निष्पक्ष जांच कर रही है।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चलाया जनजागरकता अभियान

### अग्निशमन उपकरण चलाने की भी जानकारी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद प्रभारी केएस जादौन द्वारा तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य मे सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ उपरोक्त थीम के अनुसार 14 से 20 अप्रैल तक जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर बहुखंडीय भवनो, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सभागारो का निरीक्षण अग्नि सुरक्षा से संबंधित जन जागरण पर विशेष रूप से केंद्रित होना है। बहुखंडीय भवनो में अग्नि निवारण जीवन रक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच एवं मॉक ड्रिल हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उपरोक्त के अनुसार तहसील नजीबाबाद के निम्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अग्निशमन उपकरण चलाने के विषय में भी जानकारी दी गई तथा अवगत कराया कि अग्नि सुरक्षा की जागरुकता-जीवन बचाता (सीएफओ) तथा आग से बचाव के पम्फलेटों का आम जनमानस को वितरण किया गया। जिनमें वालिया होटल कोतवाली रोड, सेठी बोर्ड इंडस्ट्रीज बुन्दकी रोड, आकाशवाणी नजीबाबाद, आदित्य हॉस्पिटल कोतवाली रोड बसीरपुर, तायल ऑटो सर्विस कोतवाली रोड शामिल रहे।

## गुलदार को देखकर किसान घबराया, वन विभाग ने पिंजरे में फंसाया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम टांडा रतन में बीती शाम जसराम अपने खेत पर काम कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक से कुछ दूरी पर एक गुलदार दिखाई दिया। किसान गुलदार को देख घबरा गया तथा उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गुलदार कुछ दूर चलने के बाद बैठ गया। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार व राजगढ़ वन रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर गुलदार को पिंजरा लगाकर पकड़ लिया। रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने बताया कि गुलदार बीमार अवस्था में था, जिसे रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया है। गुलदार टीम की निगरानी में है, जहां पर चिकित्सकों की देख रेख में बीमारी गुलदार का उपचार किया जा रहा हैं।



## सपा विधायकों ने बीएलओ के परिवार को दो लाख का चेक भेंट किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव की घोषणानुसार नगीना विधायक मनोज पारस व नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने मृतक बीएलओ के परिवार को दो लाख की सहायता राशि का चेक भेंट किया। सपा विधायक मनोज पारस व हाजी तसलीम अहमद द्वारा ग्राम भैरकी निवासी स्व. राजवीर सिंह की धर्म पत्नी कविता देवी को दो लाख रुपये का चेक सौंपा गया। ग्राम भैरकी में बूथ संख्य-112 पर एसआईआर का काम करते हुए बीएलओ राजवीर सिंह की मौत हो गई थी। इस मौके पर क्षेत्र के ग्राम भैरकी में धर्मपाल भुईयार के आवास से मदन सैन रवि के आवास तक 50 लाख से अधिक की लागत से निर्मित सड़क का पूर्व राज्यमंत्री एवं सपा विधायक नगीना मनोज पारस द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मोहीद, शिखा, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष मौ. जाकिर, सचिव अमित कश्यप, शाहिद, जोनी, ग्राम प्रधान पूनम देवी, अनवर खां मंसूब सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगरपालिका की टीम ने पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना लगाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। शासन की मंशा व आयुक्त मुरादाबाद के निर्देशों के अनुरूप अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के आदेशानुसार शुक्रवार को नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 1.8 कि0ग्रा0 सिंगल यूज प्लास्टिक व ग्लास आदि जब्त किये गए। जब्त किये गये प्लास्टिक पर 1400 रूपए का जुर्माना वसूला गया, उक्त अभियान का निर्देशन पालिका के राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान द्वारा किया गया। अभियान में पालिका के लिपिक विशेष कुमार, पंकज कुमार फैसल टैक्स कलैक्टर रूपेश कुमार हेमंत कुमार, मोहन लाल व सफाई नायक अरूण कुमार व प्रीतम सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहें। अभियान के अन्तर्गत दुकानदारों एवं पथ विक्रेताओं को पूर्णत: प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने हेतु चेतावनी भी दी गई।





# महिला शिक्षकों की मतगणना ड्यूटी लगाई प्रभारी मंत्री कपिल देव को समस्या बताई

**बिजनौर (चिंगारी)।** सुलोचना मौर्य प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के निर्देशन में जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह एवं जनपद पदाधिकारियों ने जनगणना ड्यूटी के दौरान महिला शिक्षकों को होने वाली समस्याओं को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि किसी भी महिला का शोषण नहीं होगा एवं प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रखा जायेगा, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी बिजनौर को एक ज्ञापन सौंपा गया।

संघ की जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह ने बताया कि जनगणना कार्य में महिला शिक्षिकाओं को कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि महिला शिक्षकों की सुरक्षा, सुविधा और कार्यभार को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन के अनुसार, दिव्यांग, असाध्य एवं गंभीर रूप से अस्वस्थ (दीर्घकालीन



बीमारी) शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को जनगणना कार्य से पूर्णत: मुक्त रखने की मांग की गई है। इसके साथ ही गर्भवती एवं गंभीर रूप से बीमार तथा छोटे बच्चों की देखभाल कर रही महिला शिक्षकों एवं महिलाकर्मियों को भी इस कार्य से मुक्त रखने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त, जिन शिक्षिकाओं की सेवानिवृत्ति में केवल दो वर्ष शेष हैं, उन्हें भी जनगणना कार्य से मुक्त किए जाने की बात कही गई है। संघ ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाएगा। ज्ञापन देने में मुख्यत: वर्षा रानी, पारुल चौधरी, कामिनी गोयल, कहकशा रहीम, प्रीती, पल्लवी, स्मिता, शोभा, आंचल, शाइस्ता, पूनम एवं अन्य उपस्थित रहीं।

# धान की खरीद शुरू न करने पर एडीएम ने नाराजगी जताई

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने शुक्रवार को नगीना स्थित धान क्रय केंद्र पखनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र प्रभारी द्वारा अभी तक धान खरीद शुरू नहीं की गई है, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। एडीएम ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये कि तत्काल धान क्रय कार्य शुरू किया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीएसपीसीएफ के प्रभारी को भी बिना विलंब धान खरीद सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों की किसान रजिस्ट्री से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करें। एडीएम ने किसानों से अपील की कि वे जनसुविधा केंद्रों के माध्यम से या स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी किसान आईडी ऑनलाइन बनाएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# खुद को शुभ बताने वाला निकला सुबहान जानकर सब हुए हैरान

## हिन्दूवादी संगठनों ने बताया लव जिहाद का मामला

**बिजनौर (चिंगारी)।** कल शाम विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इंदिरा पार्क से एक युवक को लड़की के साथ संदिग्ध हालत में पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। युवक ने अपना नाम शुभ बताया। हाव-भाव और बातचीत के लहजे से शक होने पर पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की पड़ताल की, जिससे उसका असली नाम सुबहान पता चला। युवक के फोन में कई लड़कियों के नम्बर मिले। हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए मामला लव जिहाद का बताया। उनके अनुसार युवक बख्शीवाला का रहने वाला है और उसका नाम सुबहान है, जबकि युवती दूसरे सम्प्रदाय की है। इस मामले को लेकर इन्दिरा पार्क में काफी देर तक हंगामा रहा। थाने के सूत्रों ने बताया कि लड़की वालों ने कोई कार्रवाई करने से इनकार कर दिया, जिस पर आरोपी युवक को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# झालू में हुआ गौ माता सम्मान कार्यक्रम

**झालू (चिंगारी)।** कस्बा झालू में शुक्रवार को 'गौ माता सम्मान अभियान' का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर लोगों को गौ सेवा और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित किए जाने के समर्थन में स्थानीय नागरिकों से सहमति भी ली गई।



अभियान के दौरान गौ रक्षक दल टीम के सदस्यों ने लोगों को गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है और इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। टीम ने यह भी अपील की कि बेसहारा गौवंश की सेवा, उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अभियान का समर्थन करते हुए गौ संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर विवेक शर्मा, प्रीत चौधरी, अर्पित चौधरी, भोलू चौधरी, राम चौधरी सहित अन्य गौ रक्षक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पेड़ पर चढ़े देखे गुलदार देखने वालों की लग गई कतार



**चंदक (चिंगारी)।** आज सुबह ग्राम किशनपुर के जंगल में पेड़ पर गुलदारों को चढ़े देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। क्षेत्र के ग्राम किशनपुर निवासी विनीत कुमार का बहादरपुर मार्ग पर खेत है। आज सुबह ग्रामीणों ने खेत पर खड़े लिप्टिस के ऊंचे पेड़ पर दो गुलदारों को चढ़ा देखा। चर्चा होने पर वहां भीड़ लग गई। काफी लोगों के इकट्ठा हो जाने पर गुलदारों ने ऊंचे पेड़ से ही छलांग लगा दी और खेतों में भाग गए। पेड़ पर चढ़े दो गुलदारों को एक साथ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदारों को पकड़ने की मांग की है।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# पंचकल्याणक महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली गई घटयात्रा



**नहटौर (चिंगारी)।** पंचकल्याणक महोत्सव के शुभारंभ पर घटयात्रा निकाली गई। घटयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत हुआ, जिसमें इंद्राणी के रूप में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। शनिवार की प्रात: श्री दिगम्बर जैन मंदिर में सौधर्म इंद्र व सभी इंद्रों व इंद्राणियों ने महोत्सव के प्रथम दिन दिगम्बर जैन मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन किया गया। महोत्सव में श्रद्धालुओं को आचार्य श्री 108 विव्रत सागर महाराज और विश्वार्थ सागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा पूजा-पाठ का कार्यक्रम शुभारंभ श्री समर्पण सागर महाराज के निर्देशन में किया गया, जिसके पश्चात मंदिर से घटयात्रा शुरू हुई, जो जैन विद्या मंदिर इंटर कालेज पर पहुंची और जहां पर पांडुक शिला का शुद्धिकरण किया गया। इसके पश्चात घटयात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। घटयात्रा में सजे-धजे इंद्र तीर्थंकरों के माता-पिता, अष्ट कुमारी व अन्य गौरवमय पात्र आकर्षण का केंद्र रहे। घटयात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घटयात्रा का अनेक जगहों पर पुष्प वर्षा का भव्य स्वागत किया गया। घटयात्रा के मंदिर पर पहुंचने पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण दिल्ली निवासी विनय कुमार जैन द्वारा किया गया। इसके पश्चात मण्डप शुद्धि,वेदी शुद्धि, चितांवर्ण, मण्डप शुभारंभ अखण्ड दीप किया गया। सभासद पंकज जैन, राजीव जैन, लोकेश जैन, सुकेश जैन, अशोक जैन, अनुराग जैन, डॉ. अंकुर जैन, अर्चित जैन, राजेश जैन, वंश जैन, अनिता जैन, अलका जैन, निशा जैन, संध्या जैन, शालू जैन, रिया जैन, पूनम जैन, नेहा जैन, संदीप जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, पुनीत जैन, ऋषभ जैन, निकुंज जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, विवेक जैन, सुमन जैन, शैलेन्द्र जैन, आशु जैन, सपन जैन, शुभम जैन आदि मौजूद रहे।

# फिर शुरू होगी पाखरो टाइगर सफारी परियोजना!

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में प्रस्तावित पाखरो टाइगर सफारी एक बार फिर चर्चा में है। करीब आठ वर्ष पूर्व शुरू हुई यह योजना लंबे समय तक विवादों और जांचों में उलझी रही। अब उत्तराखंड सरकार इसे दोबारा शुरू करने के लिए रोडमैप तैयार कर रही है। सरकार का रुख स्पष्ट है कि इस बार सभी वैधानिक और न्यायिक प्रकियाओं का पालन करते हुए सफारी को शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार पाखरो क्षेत्र में टाइगर सफारी विकसित करने की पहल वर्ष 2016-17 के आसपास शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य कॉर्बेट के बफर जोन में नियंत्रित पर्यटन विकसित कर कोर एरिया पर दबाव कम करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाना था। वर्ष 2019 में परियोजना के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) से अनुमति की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी दौरान बाड़े, आवास और अन्य ढांचों का निर्माण भी प्रारंभ हो गया था। जिस पर बाद में आवश्यक अनुमतियों के अभाव और पेड़ों के कटान को लेकर सवाल उठे।



पाखरो रेंज में निर्माणाधीन बाड़ा ( फाइल फोटो )।

करीब 6000 पेड़ों के कटान के आरोपों के बाद मामला विभिन्न जांच एजेंसियों तक पहुंचा। राज्य स्तर पर जांच के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच की। हालांकि जांच में बड़े पैमाने पर कटान या वित्तीय अनियमितता के ठोस प्रमाण सामने नहीं आए। मामला न्यायालय तक पहुंचने पर सुप्रीम कोर्ट ने पाखरो क्षेत्र में हुए निर्माण को हटाने के निर्देश दिये। इसके बाद वन विभाग नई कार्ययोजना तैयार कर रहा है, जिसमें अवैध निर्माण हटाना, क्षेत्र का पुन: हरितकरण और सभी स्वीकृतियों के बाद परियोजना को आगे बढ़ाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में कई अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई थी, जबकि कई को जेल भी जाना पड़ा था। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पाखरो सफारी को नियमों के तहत विकसित किया गया तो इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और कोर एरिया पर दबाव कम करने में मदद मिल सकती है। **इस संबंध में प्रमुख वन संरक्षक ( हॉफ ) उत्तराखंड आर.के मिश्रा का कहना है कि योजना विचाराधीन है।**

## एसडीएम ने गैस की होम डिलीवरी की व्यवस्था कराई, लोगों ने सराही

### नजीबाबाद की इण्डेन गैस वितरण की किरतपुर एजेंसी को मिली जिम्मेदारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एसडीएम शैलेंद्र सिंह द्वारा नजीबाबाद में इण्डेन गैस की गोदाम पर लाइन में लगकर गैस लेने की व्यवस्था को बदलते हुए ग्राहकों की सहूलियत के लिए गैस की होम डिलीवरी की व्यवस्था कराई है, जिसकी लोगों ने सराहना की है। उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद की इण्डेन गैस एजेंसी पर करीब 29 हजार गैस कनेक्शन हैं, इनकी आपूर्ति के लिए कम्पनी द्वारा पूर्व में प्रत्येक महीने करीब 70 गाड़ियां भरे हुए सिलेंडरों की दी जाती थीं, मगर खाड़ी देशों में युद्ध शुरू होने के बाद इण्डेन गैस की कम्पनी ने आपूर्ति घटाते हुए एक महीने में मात्र 40 गाडियां दी थी, जिसके माध्यम से करीब 300 ग्राहकों को ही रिफिल मिल पा रही थी, जबकि कनेक्शन के हिसाब से कम से कम 600 रिफिल प्रतिदिन की जरूरत थी, जिससे इण्डेन गैस के ग्राहकों को महीनों से गैस गोदाम पर रात-दिन लम्बी लाइन लगाकर रिफिल लेनी पड़ रही थी, उसमें भी लाइन में लगे सभी ग्राहकों को रिफिल नहीं मिल पा रही थी, एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने इण्डेन गैस ग्राहकों की इस समस्या को देखते हुए क्षेत्र के गैस एजेंसी संचालकों की पूर्व में मीटिंग बुलाकर इण्डेन गैस गोदाम से लोगों को लाइन में लगाकर रिफिल न देने तथा ग्राहकों को होम डिलीवरी कराने की व्यवस्था कराई थी, एसडीएम द्वारा कराई गई इस व्यवस्था के बाद इण्डेन गैस की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ तथा ग्राहकों को लम्बी लाइन में लगकर रिफिल लेने से छुटकारा मिला। बुकिंग के बाद ग्राहकों के घर तक सिलेंडर पहुंचने पर उन्होंने एसडीएम के इस कार्य की सराहना की। उधर पूर्ति अधिकारी नजीबाबाद धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इण्डेन गैस कम्पनी के बिजनौर सेल्स मैनेजर वीरेंद्र सिंह ने नजीबाबाद गैस वितरण की जिम्मेदारी किरतपुर गैस एजेंसी को सौंपने की जानकारी दी है। किरतपुर गैस एजेंसी स्वामी अंकित कुमार ने 17 अप्रैल से डीएससी वाले उपभोक्ताओं को गैस वितरण की बात कही है। उन्होंने पूर्व में इण्डेन गैस सिलेंडर बुकिंग की गैस उपलब्ध कराने से संबंधित मामलों में जिम्मेदारी से इंकार किया है। इस मामले में एसडीएम ने बताया कि इण्डेन गैस की होम डिलीवरी बुकिंग के अनुसार वितरण कराने की व्यवस्था कराई गई है। कम्पनी द्वारा नजीबाबाद गैस एजेंसी का वितरण किरतपुर एजेंसी को सौंपने पर उन्हें आश्चर्य है। उनके द्वारा कम्पनी से गैस कोटा बढ़ाने का प्रयास जारी है।

## रिक्शेवाले ने पेश की ईमानदारी की मिसाल संघ नेता की पत्नी का बैग लौटाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** धामपुर में एक मुस्लिम ई-रिक्शावाले ने हल्दौर निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख की पत्नी का बैग जो रिक्शा में ही भूलवश रह गया था को सुरक्षित लौटाकर ईमानदारी की शानदार मिसाल पेश की है। बैग में उनकी पत्नी के कीमती गहने और अन्य सामान था। ई-रिक्शा वाले की सभी लोग भरपूर सराहना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय मौहल्ला खेड़ा निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला सेवा प्रमुख अंकुर चंद्रा की पत्नी रेनू चंद्रा गुरुवार को अपने मायके काशीपुर से हल्दौर आ रही थी। धामपुर से उन्हें लेने उनके पति अंकुर चंद्रा गाड़ी से चले गए थे। धामपुर में गाड़ी तक पहुंचने के लिए रेनू चंद्रा एक ई-रिक्शा करके बैठ गई। उनके पास कपड़े आदि अन्य सामान के साथ एक बैग भी था, जिसमें कुछ सामान व उनके कीमती गहने रखे हुए थे। ई-रिक्शा चालक मौहम्मद अफसर ने उन्हें उनकी गाड़ी तक छोड़ दिया और वह अपने पति अंकुर चंद्रा के साथ अपनी ससुराल हल्दौर आ गई। इसी दौरान भूलवश उनके गहने वाला बैग रिक्शा में ही रह गया। घर आकर उन्हें बैग के रिक्शा में ही रह जाने की याद आई। जिससे उनके होश उड़ गए। अंकुर चंद्रा ने आनन फानन में धामपुर निवासी अपने परिचितो को फोन किया और तुरंत स्वयं भी धामपुर के लिए निकल गए। धामपुर में उक्त ई- रिक्शावाला मौहम्मद अफसर उन्हें मिल गया। रिक्शावाले ने तुरंत बैग को आरएसएस नेता अंकुर चंद्रा व उनके भाई मोनू चंद्रा को सौंप दिया। बैग को खोलकर देखने पर उन्होंने सभी सामान बैग में सुरक्षित रखा पाया। जिस पर दोनों भाइयों ने ई- रिक्शावाले मौहम्मद अफसर की ईमानदारी की तारीफ करते हुए उसे इनाम देकर सम्मानित भी किया। बैग सभी सामान सुरक्षित मिलने पर अंकुर चन्द्रा और उनके परिजनो ने राहत की सांस ली।




खुल गया! खुल गया!





श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





## छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत आर.एच.एस. इंटर कालेज हल्दौर की छात्राओं द्वारा नारी सशक्तिकरण का संदेश देते हुए भव्य मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एकजुट होकर समाज में महिलाओं की शक्ति, सम्मान और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार, सलिल एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन नारी शक्ति के प्रति सम्मान और समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

## रक्तदान शिविर कल

**हल्दौर ( चिंगारी )। राणा नर्सिंग होम हल्दौर पर जनजीवन कल्याण समिति के सहयोग से कल 19 अप्रैल को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक लगने वाले शिविर में कोई भी व्यक्ति रक्तदान महादान में अपना रक्त देकर भाग ले सकता है।**

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली बाइक चालक की जान

## सड़क किनारे खड़ा हैंडपंप व घर का दरवाजा भी तोड़ डाला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीती रात तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार एक युवक को कुचलकर मार डाला। मृतक युवक इकरार अहमद (22 वर्ष) पुत्र नजरे हसन अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर का निवासी था और मुंबई में हेयर कटिंग सैलून का काम करता था। वह कुछ दिन पूर्व ही घर आया था और गत दिवस वह रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी अपनी ममेरी बहन की शादी में परिवार सहित आया हुआ था। बारात की विदाई से पूर्व वह कुछ सामान खरीदने हेतु हसनपुर से बाइक द्वारा बादीगढ़ जा रहा था कि रात्रि लगभग 7:30 बजे भगतावाला बस स्टैंड के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसने बाइक सवार इकरार अहमद को कुचलने के बाद सड़क किनारे खड़े हैंडपंप और पास में ही मौजूद एक मकान के मेन गेट को भी तोड़ डाला, जिसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली वहीं फंस गई। ट्रैक्टर-ट्राली भगाकर ले जाने में नाकाम उसका चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाते ही परिजन एवं तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सड़क पर पड़ा इकरार का शव देखकर चीख पुकार मच गई। थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया। मगर परिजन एवं ग्रामीण फरार ट्रैक्टर चालक को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। लोगों में आक्रोश बढ़ता देख मौके पर अफजलगढ़ थानाध्यक्ष सहित वहां की पुलिस फोर्स को भी बुला लिया गया। देर रात तक समझाने-बुझाने के बाद पीड़ित परिजन बिना कोई कार्यवाही किये शव को घर ले गए, जहां आज बाद नमाज जोहर मृतक इकरार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।


मृतक का फाइल फोटो

# संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी तमन्ना मेरे कहने में नहीं हैं। अत: मैंने अपने पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी तमन्ना से अपने हर प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी तमन्ना को बेदखल करता हूं। शहजाद व उसकी पत्नी तमन्ना के द्वारा किसी भी व्यक्ति से उधार ली गई रकम के लिये मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। मेरा पुत्र शहजाद कोई अपराध करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**- शरीफ पुत्र श्री बरकत उल्लाह, निवासी मौहल्ला राधगान, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# सीबीएसई प्रधानाचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न




**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई स्कूलों के संगठन बिजनौर सहोदया के अंतर्गत प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सहोदया अध्यक्ष विनय चौधरी, सेक्रेटरी इंद्रपाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. सरजीत सिंह, प्रधानाचार्य कुंवर अजीत सिंह, मंसूर खान, सुशील कवि, रविंद्र सिंह तेवतिया आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विनय चौधरी ने फीस रेगुलेशन एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फीस वृद्धि निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जानी चाहिए तथा एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विद्यालयों की परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यू.पी.कोप पोर्टल पर पंजीकृत कराए साईं मिलेनियम पब्लिक स्कूल के मैनेजर सुनील त्यागी ने आरटीई के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धारित फीस को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि यह स्कूलों के खर्चों के अनुरूप नहीं है, इसलिए इसे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। सेक्रेटरी इंद्रपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा मूल कर्तव्य शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में सफल बना सकता है। वर्तमान समय में बच्चों में नैतिक मूल्यों की कमी देखी जा रही है, जिसे सुधारने के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों को मिलकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंसूर खान ने सीबीएसई द्वारा जारी नवीनतम निर्देशों की जानकारी दी और उनके पालन पर जोर दिया।

# कक्षा एक के बच्चों को सब्जी मंडी में घुमाया उन्हें तौलना, मोल-भाव करना भी बताया

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षिक फील्ड ट्रिप का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्थानीय सब्जी और फल मंडी ले जाया गया ताकि वे दैनिक जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण लाइफ स्किल्स सीख सकें। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को वास्तविक वातावरण में खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया समझाना था। बच्चों ने वहां विभिन्न प्रकार की सब्जियों और फलों को देखा उनके नाम पहचाने और शिक्षकों के मार्गदर्शन में खुद कुछ सामान खरीदने का अनुभव भी लिया। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें पैसों के सही उपयोग की भी जानकारी मिली। शिक्षकों ने बच्चों को तौलना, मोल-भाव करना और अच्छी व ताज़ी वस्तु की पहचान करना भी सिखाया। बच्चे इस अनुभव से काफी उत्साहित और खुश नजर आए। स्कूल प्रशासन का मानना है कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास में सहायक होती हैं और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं।



# धूमधाम से मनाई जायेगी गंगा जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राचीन शुकदेव शिव मंदिर अड्डू वाला मौहल्ला खत्रियान बिजनौर में गंगा जयंती का उत्सव 23 अप्रैल को श्रद्धापूर्वक मनाया जायेगा। श्री कुलदीप

## प्राचीन शुकदेव शिव मंदिर में होंगे अनेक कार्यक्रम

कुमार खन्ना व श्री प्रमोद मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मंदिर में विगत 30 वर्षों से गंगा जयंती मनाने की परम्परा चली आ रही है। इस वर्ष भी गंगा जयंती के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम होंगे। बताया कि प्रात: 6 बजे नगर में प्रभातफेरी निकाली जायेगी। प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण, 8:30 बजे श्रृंगार, 9 बजे यज्ञ, 11 बजे ब्रह्म भोज, तत्पुरांत भंडारा होगा। सायं 4 बजे से सुन्दरकांड का पाठ किया जायेगा। रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेन्द्र त्यागी का आकस्मिक निधन

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री मुकेन्द्र त्यागी का आज दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम बेगराजपुर निवासी मुकेन्द्र त्यागी कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। आज दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने मुकेन्द्र त्यागी के निधन को भाजपा संगठन की अपूर्णय क्षति बताया।


मुकेन्द्र चौधरी का फाइल फोटो

# सैयद बस्साम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर नींदडू का नाम चमकाया

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** नीन्दडू के एक होनहार बेटे ने बी एस सी इंटीग्रेटेड प्रोग्राम (टाक्सीकोलोजी) में यूनिवर्सिटी टॉप करने पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में गोल्ड मेडल प्राप्त करने का गौरव प्राप्त करके अपने मां-बाप व दादा-दादी का नाम रोशन करते हुए अपने गांव नीन्दडू का भी नाम चमका दिया।

शुक्रवार को ग्राम नीन्दडू निवासी एवं मशहूर अकबर नर्सिंग होम के संचालक डाक्टर हामिद अकबर के पौत्र तथा स्वर्गीय डाक्टर उस्मान जकी के पुत्र सैयद बस्साम ज़की को जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के मौलाना आजाद रोड पर स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 15वें दीक्षांत समारोह में जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी के डीन प्रोफेसर डॉक्टर सुहेल परवेज़ ने सैयद बस्साम ज़की को बीएससी 2023 में सबसे ज्यादा अंक हासिल कर यूनिवर्सिटी टॉप करने के लिए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सैयद बस्साम ज़की ने धामपुर के सेंटमेरी स्कूल से हाईस्कूल और प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल से इंटरमीडिएट पास किया था। उन्होंने जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में दाखिला लिया तथा 2023 में बीएससी (ऑनर्स) टाक्सीकोलोजी एवं





2025 में एमएससी उत्तीर्ण की। सैयद बस्साम ने दिसंबर 2025 में यूजीसी नेट परीक्षा में फॉरेंसिक साइंस विषय में ऑल इंडिया स्तर पर 125वीं रैंक प्राप्त की। बस्साम की उपलब्धि के लिए नवेद अरशद उर्फ शब्लू प्रधान, महबूब अहमद, अतहर निशांत, सैयद राहत अली, सैयद लईक अहमद, डॉक्टर फहद अरशद सहित कई लोगों ने डॉक्टर हामिद अकबर को बधाई देते हुए बस्साम ज़की के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोटर साइकिल की टक्कर से बालक गम्भीर रूप से घायल

बरुकी/बिजनौर ( चिंगारी )। ग्राम शादीपुर में एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक के माता-पिता दोनों दिव्यांग हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम शादीपुर निवासी वंश ( 12 वर्ष ) पुत्र रवि कुमार, शादीपुर बस अड्डा मार्ग पर खड़ा था, तभी गांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि मोटरसाइकिल का पहिया वंश के पैर को कुचलता हुआ निकल गया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन गंभीर रूप से घायल वंश को इलाज के लिए बिजनौर ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे मेरठ रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, हादसे में वंश के पैर का अंगूठा बुरी तरह कुचल गया है। उल्लेखनीय है कि वंश के माता-पिता दोनों ही पैरों से दिव्यांग हैं, जिससे परिवार की स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना की तहरीर थाना कोतवाली देहात में दे दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार बाइक सवार की तलाश में जुटी हुई है।

# रतनपुर खुर्द गांव का मण्डी स्थल हो गया बदहाल, कोई नहीं पुरसान-ए-हाल



हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के मंडी स्थल का आज कोई पुरसान-ए-हाल नहीं, इसी कारण मंडी स्थल पर बने भवन की हालत फिर जर्जर हो चली है। गांव में वर्ष 1980 में मंडी स्थल भवन का निर्माण कराया गया था, जिसका श्रेय पूर्व प्रधान स्व. चौधरी प्रीतम सिंह को दिया जाता है। इसके बाद लगभग 8 वर्ष पूर्व मंडी समिति चांदपुर द्वारा मंडी स्थल का पुनरूद्धार कराकर वहां चारदीवारी के अलावा तीन टिनशेड और चार दुकानों का निर्माण कराया गया था। मंडी स्थल पर विद्युत लाइन बिछवाकर सभी पोल पर हाई मास्ट लाइट और पूरे भवन और टिनशेड में प्रकाश की व्यवस्था कराई गई थी। व्यवस्था को लेकर लोगों को आकर्षक सपने दिखाए गए थे, लेकिन विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था न कराए जाने से यह योजना परवान न चढ़ सकी। चर्चा की जब कि डोरी, केबल और सभी बल्ब गायब होते चले गए। अब हालत यह है कि चारदीवारी, टिन शेड और भवन व्यवस्था के अभाव में जर्जर हो चले हैं। मंडी परिसर पर पीपल आदि वृक्ष भी लगे हैं, जहां पूजा-अर्चना कर जल अर्पण किया जाता है। कुछ समय तक यहां शादी आदि पार्टी कार्यक्रम कराए जाते रहे, लेकिन कुछ घरों का गंदा पानी और मैला बहकर आने से हालात और भी बद से बदतर हो गये। लोगों में भारी निराशा है। गांव के जागरूक लोगों ने बदहाल मंडी समिति का संज्ञान लेते हुए व्यवस्था में सुधार कराए जाने की शासन-प्रशासन से मांग की है।

# शाबाश आराध्या!



नांगल सोती ( चिंगारी )। नांगल सोती के व्यवसायी विशाल अग्रवाल की सुपुत्री आराध्या अग्रवाल ने सीबीएसई की 10 वीं की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके माता-पिता का नाम रोशन किया है। आराध्या अग्रवाल, एमडी इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर की छात्रा है।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हाउस प्रिफेक्ट इलेक्शन हुआ

नूरपुर ( चिंगारी )। गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रिफेक्ट इलेक्शन सम्पन्न कराया गया। चुनाव में सभी कुछ वैसा ही था, जैसा चुनाव में होता है। ई.वी.एम से चुनाव हुआ, बच्चों ने एक साथ चारों पोस्ट के लिए अपने घर के प्रीफेक्ट्स को चुना।13 अप्रैल को

## सब कुछ वैसा ही था, जैसा चुनाव में होता है

नोटिफिकेशन जारी किया गया। नामांकन भी हुए। उम्मीदवारों को उनके चुनाव प्रचार के लिए समय दिया गया और उन्होंने चुनाव प्रचार किया भी और आज चुनाव का दिन था। चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में जितिन बंसीवाला,



तनवीर, वंशिका खंडिया, साक्षी सरधना, पर्व धनखड़, प्रियांशी की नियुक्ति की गई। पोलिंग पार्टी भी बनी। उंगली पर स्याही भी लगाई गई। एक सेल्फ़ी पॉइंट भी बनाया गया। बच्चों में चुनाव में भाग लेने का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक तरह से यह उनके एक जिम्मेदार वोटर बनने का एक पूर्वाभ्यास था। हर हाउस से चारों पोस्ट के लिए तीन या चार उम्मीदवारों ने चुनाव में भाग लिया। मतदान अधिकारियों में उपप्राचार्या अर्चना राजपूत, समन्वयक दीपक कुमार, गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार, रजनीश कुमार रहे। प्रबंधक मनदीप सिंह और प्रिंसिपल अवनीश कुमार ने चुने हुए पदाधिकारियों को जीत की बधाई दी एवं मिली हुई जिम्मेदारी को निभाने के लिए लगातार सीखने और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए कहा।

# धूमधाम से मनायेंगे परशुराम जन्मोत्सव

किरतपुर ( चिंगारी )। नगर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सतीशचंद शर्मा ने बताया कि श्री विश्वकर्मा मंदिर में तीसरी बार परशुराम जन्मोत्सव



मनाया जाएगा। इस अवसर पर 19 अप्रैल को प्रात: 10 बजे हवन पूजन, 11 बजे से विचार गोष्ठी तथा दोपहर 12 बजे भंडारा होगा।

# डम्पर ने बुग्गी में टक्कर मारी घोड़ी की मौत, मजदूर जख्मी

नांगल सोती ( चिंगारी )। विगत रात्रि लगभग दो बजे समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर निवासी मांगेराम (28 वर्ष) पुत्र नीलाराम प्रजापति प्रतिदिन की भांति महमसापुर के समीप स्थित ईंट-भट्टे पर कार्य करने के लिये अपनी घोड़ा-बुग्गी लेकर जा रहा था। ग्राम सौफतपुर स्थित पेट्रोल पम्प के पास नांगल की ओर से जा रहे डम्पर ने उसकी घोड़ा-बुग्गी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बुग्गी में जुड़ी घोड़ी तथा मजदूर मांगेराम उछलकर दूर जाकर गिरे। सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर गिरी घोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। मांगेराम को हल्की चोट ही आई। बुग्गी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद डम्पर मौके से फरार हो गया। किसी ने घटना की सूचना करीब सवा घंटे बाद डायल 112 पुलिस को दी। मगर तब तक डम्पर काफी दूर जा चुका था। मांगेराम भगवान का बार-बार शुक्रिया अदा करते हुए कहता है कि किसी तरह उसकी जान बच गई, वर्ना मौत सामने नजर आने लगी थी।



सड़क पर खड़ी टूटी हुई बुग्गी।

# देवांग त्यागी रहे आरआर पब्लिक स्कूल के टॉपर


नूरपुर ( चिंगारी )। आरआर पब्लिक स्कूल के छात्र देवांग त्यागी ने सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के 17 बच्चों ने 98 से 90 प्रतिशत, 20 बच्चों ने 90 से 80 प्रतिशत, 45 बच्चों ने 80 से 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा में देवांग त्यागी ने 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रग्वी वत्स ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय, मनुश्री कंधालिया व सार्थक चौहान ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय, शिवांग राजपूत ने 94.2 प्रतिशत प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा व कुलदीप सिंह ने 93.8 प्रतिशत प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मनुश्री एवं गुरप्रीत कौर ने अंग्रेजी में 100 अंक, देवांग त्यागी ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, सार्थक चौहान ने विज्ञान में 100 अंक तथा श्रग्वी वत्स ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल के चेयरमैन डा. मनुजेन्द्र गुप्ता ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भेंट कीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, विरेन्द्र चौहान, नीरज त्यागी, मुकुल शर्मा, कपिल बब्बर, रश्मि बंसल, तरुण गर्ग, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, अनिल शर्मा, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।



देवांग त्यागी



श्रीग्वी वत्स



मनुश्री



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 19 अप्रैल 2026**

मेष- चिरवांछित कार्यों में सफलता, शारीरिक सुख, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, बकाए धन की प्राप्ति का सुयोग, अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त।

वृषभ- आज दिन 12/32 बजे तक निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, योजना अपूर्ण, अपव्यय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान।

मिथुन- आज दिन 12/32 बजे तक समय बेहतर, नवयोजना दृष्टिगत, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, समस्याओं से चिन्तित।

कर्क- बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, नौकरी में पदोन्नति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन में मधुरता, आवागमन में सफलता, लाभ भी।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, समस्या का संतोषजनक समाधान, प्रियजनों से अनुकूलता, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता।

कन्या- आज दिन 12/32 बजे तक प्रतिकूलता प्रभावी, व्यापारिक पक्ष से चिन्तित, वाहन से भय, शेष समय में अधूरे कार्य प्रगति पर, आर्थिक लाभ, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क।

तुला- आज दिन 12/32 बजे तक किसी योजना का श्रीगणेश, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में स्वास्थ्य प्रभावी, पठन-पाठन में अरुचि, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

वृश्चिक-अधूरी या नवयोजना पर कार्यारम्भ संभव, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पादित, स्वास्थ्य सुधार पर, आपसी वैमनस्यता का समापन, यात्रा सुखद।

धनु- स्वयं का लिया गया निर्णय हितकर, अधूरी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धन संचय में प्रवृत्ति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।


मकर- आज दिन 12/32 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, कष्ट भी, शेष समय में उलझनों में कमी, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक।

कुम्भ- आज दिन 12/32 बजे तक शुभ परिवार में मंगल आयोजन, मित्रों से सहयोग, मेल-मिलाप में रुचि, शेष समय विपरीत, मनोबल में कमी, कठिनाइयों से तनाव।

मीन- मनोभिलाषित योजना में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, व्यक्तिगक जीवन में उपलब्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नूरपुर में हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन



जिलाध्यक्ष का स्वागत करतीं आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर (चिंगारी)।** शुक्रवार को धामपुर रोड स्थित उत्सव गार्डन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान व सीपी सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। आकांक्षा चौहान ने मोदी सरकार द्वारा पारित कराये गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के भारत की लोकसभा तथा राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी सरकार महिलाओं के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा महिलाओं के उत्पीड़न को जड़ से खत्म करने का कार्य भी मोदी सरकार के द्वारा किया गया है। आज ब्लॉक प्रमुख, विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति के पद पर महिला विद्यमान हैं तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं, जो कि मोदी सरकार में ही संभव हो पाया है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार से अमिता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खजान सिंह, निशांत कर्णवाल, विनय चौहान, धर्मेन्द्र सैनी मण्डल अध्यक्ष, डॉ. जसविंदर कौर, राशु चौहान समाजसेवी, सत्यवीर सिंह चौहान, एडीओ पंचायत करूणा चौहान, शीला राणा, कमलेश प्रजापति, किरन चौहान, उपनिरीक्षक वर्षा यादव व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# विवेक पुस्तकालय का 10वां स्थापना दिवस मनाया



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** गांव शादीपुर में स्थित विवेक पुस्तकालय का दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में शिक्षाविद देवेंद्र कुमार मलिक ने कहा कि किताबें सबसे अच्छी मित्र होती हैं। आजकल डिजिटल जमाना है। किताबें डिजिटल स्वरूप में भी उपलब्ध हैं। बच्चों को पुस्तकालय में पढ़ने के लिए एक अच्छा माहौल मिलता है। सभी छात्र-छात्राओं को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया तथा मोबाइल के प्रयोग के समय सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। पुस्तकालय के संचालक विवेक गुप्ता ने बताया कि विवेक पुस्तकालय की शुरुआत 17 अप्रैल 2017 को हुई थी। पुस्तकालय में फिलहाल 50 से अधिक बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। पुस्तकालय पर सभी सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर भोगेंद्र सिंह, शुभम भूईयार, मनजीत सिंह, शांतनु मौर्य, भविष्य मौर्य, रोहन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# काम आये संघ के संस्कार
## 92.2 प्रतिशत मार्क्स लाये अपार



अपार जैन का मुंह मीठा कराते हुए माता-पिता व संघ कार्यकर्ता।

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर की विदुर शाखा (केशव बस्ती) के मुख्य शिक्षक एवं मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के छात्र अपार जैन ने सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेघा का परिचय दिया है। अपार की सफलता से परिजनों व संघ के स्वयंसेवकों में अपार हर्ष व्याप्त है और काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने मोहल्ला सोतियान स्थित अपार के घर पहुंचकर अपार व उसके माता-पिता को बधाई दी तथा मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद स्वरूप गुरु गोवलकर जी का चित्र भेंट किया। अपार जैन ने अपनी सफलता का श्रेय संघ से मिले संस्कारों को देते हुए बताया कि अनुशासन, समयबद्धता व जिम्मेदारी आदि के चलते वे इतने अच्छे अंक लाने में सफल हुये। माता-पिता ने भी अपार की सफलता में संघ के संस्कारों का योगदान बताया। नगर कार्यवाह दीपक, नगर संघ चालक विकास, केशव बस्ती के सहबस्ती प्रमुख दीपांशु, नगर सहकार्यवाह कटार जी, सहसेवा प्रमुख संजय, नगर विद्यार्थी प्रमुख दीपक, सेवा प्रमुख लवी, बौद्धिक प्रमुख अरूण आदि ने अपार को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हाईस्कूल में अलफिया ने 97 प्रतिशत अंक पाकर नजीबाबाद टॉप किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में अलफिया नाज ने 97 प्रतिशत अंक के साथ नजीबाबाद शहर को टॉप किया। वहीं अफ्फान रजा 96 प्रतिशत, नवनीत प्रजापति 95 प्रतिशत, अंश चौहान 92 प्रतिशत, गौरव पाल व खुशबू 91.5 प्रतिशत, रोहन 88 प्रतिशत, महकदीप 87 प्रतिशत, प्रांजल 86 प्रतिशत, आयुष राज 86 प्रतिशत, जसवंत सिंह 86 प्रतिशत, जमानत हुसैन 85 प्रतिशत, सायमा परवीन ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम में छात्रो के अच्छे प्रदर्शन ने अभिभावकों व शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रबन्धक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह ने मेधावी छात्रों को प्रार्थना सभा में सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# एम्स में लगातार बढ़ रही ओपीडी सेवा

## 31 मार्च तक 63 लाख लोग उठा चुके स्वास्थ्य सेवा का लाभ

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अत्याधुनिक तकनीक आधारित स्वास्थ्य सुविधाएं और कम लागत पर उच्च स्तरीय इलाज का परिणाम है कि एम्स ऋषिकेश में ओपीडी की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। संस्थान की स्वास्थ्य सुविधाओं पर यह आम लोगों द्वारा जताया गया भरोसा ही है कि वर्ष 2025 में एक साल के दौरान ही एम्स में 7 लाख 89 हजार रोगी ओपीडी में देखे गए हैं। जबकि अस्पताल के संचालन से अब तक ओपीडी में पंजीकृत कुल रोगियों की यह संख्या 63 लाख से अधिक पंहुच चुकी है।




वर्ष 2013 में मैनुअली रजिस्टर में रोगी का नाम अंकित करने की व्यवस्था से शुरू हुआ एम्स ऋषिकेश की ओपीडी सेवाओं का सफर वर्तमान में ऑनलाइन अपाइंटमेंट लेने की तकनीक आधारित प्रक्रिया तक पंहुच चुका है। कंप्यूटर आधारित व्यवस्था न होने के कारण शुरू में रजिस्टर पर ही रोगी का नाम और पता लिखे जाते थे। लेकिन आज पंजीकरण का तरीका पूरी तरह बदल चुका है। अब कंप्यूटर आधारित रोगी पंजीकरण व्यवस्था के साथ ही कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी ऑन लाइन तकनीक का इस्तेमाल कर डॉक्टर से अपॉन्टमेंट ले सकता है। साल दर साल स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित हुईं तो ओपीडी में रोगियों की संख्या भी बढ़ती चली गयी। परिणाम यह रहा कि ओपीडी शुरू होने से 31 मार्च 2026 तक एम्स ऋषिकेश में 63 लाख 13 हजार 955 लोग स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा चुके हैं। जबकि आईपीडी (भर्ती मरीजों) की संख्या का यह आंकड़ा 4 लाख 77 हजार 432 तक पहुंच गया है। इनमें न केवल उत्तराखण्ड बल्कि हिमाचल, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, बिहार और नेपाल तक के रोगी भी शामिल हैं। दैनिक तौर पर ओपीडी के आंकड़ों को देखा जाय तो चालू सप्ताह में प्रतिदिन 2500 से 2700 रोगी, ओपीडी में स्वास्थ्य परामर्श लेने पहुंच रहे हैं। इन आंकड़ों में इमरजेन्सी सेवाओं की संख्या भी शामिल है।

### " ओपीडी से रोगी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलती हैं



**भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाओं की वजह से एम्स ऋषिकेश एक मानक संस्थान के रूप में अपनी विशिष्ट पहिचान बना चुका है। रोगी का भरोसा और उम्मीद हमारे डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य रोगियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। संस्थान द्वारा तकनीक आधारित टेलिमेडिसिन ओपीडी सेवा भी संचालित की जा रही है। इससे दैनिक तौर पर दूर-दराज के हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।**

**- प्रो. मीनू सिंह, कार्यकारी निदेशक, एम्स ऋषिकेश।**

## बीजीयू में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन


**कोटद्वार (चिंगारी)।** टूरिस्ट संदेश फाउंडेशन के संस्कारशाला अभियान के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में समृद्ध राष्ट्र के लिए संस्कार युक्त, नशामुक्त युवा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया।

भाषण प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए महाविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.एस. राणा ने कहा कि संस्कार से ही संस्कृति का निर्माण होता है। यदि हमारे युवा संस्कारयुक्त होंगे, तो वे नशामुक्त रहेंगे। मुख्य वक्ता नागेन्द्र उनियाल ने कहा कि हमें युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए युवा मनोविज्ञान को समझने की आवश्यकता है। हमारा राष्ट्र उन्नति के पथ पर तभी अग्रसर हो सकता है, जब हमारे युवा संस्कार युक्त व नशामुक्त जीवनशैली अपनायेंगे। फाउंडेशन संयोजक सुभाष नौटियाल ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से युवाओं को संस्कारयुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि आज का युवा ही कल के देश का भविष्य है। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कुमारी सारा ने पहला, कुमारी नन्दिनी राणा ने दूसरा और कुमारी पलक कुकरेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में विनायक नौटियाल बने स्कूल टॉपर






**ऋषिकेश (चिंगारी)।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के टॉप स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं मे प्रथम स्थान विनायक नौटियाल 94.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रज्ञा खोलिया एवं कार्याजंलि शर्मा ने 91.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान कनिष्का वार्ष्णेय 89.8 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान अन्वी बर्थवाल 88.4 प्रतिशत, पंचम स्थान संयुक्त अयान्श कैंतुरा एवं श्रेयांश परवाल 86.6 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया एवं उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या तरंग बेली ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्य देवेंद्र बिष्ट, अकादमिक हेड अमित गांधी, मनोज बिष्ट एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भूगोल विज्ञान की प्रतियोगिताएं आयोजित

### मानचित्र व भाषण में निमिता आई प्रथम

**कोटद्वार।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विज्ञान की परिषदीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का आरंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने वर्तमान प्रौद्योगिकी के दौर में सूचनाओं के महत्व एवं मानचित्र कला के महत्व पर जानकारी दी। वहीं वाणिज्य संकाय की प्रभारी प्रो. प्रीति रानी ने विद्यार्थियों को परिषद के कार्यक्रमों के संबंध में बताया। तत्पश्चात भूगोल विज्ञान प्रभारी डॉ. नन्दी गडिया ने प्रतियोगिता परिणामों की घोषणा की। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध में सृष्टि, शिवानी, तनीषा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानचित्र कला में निमिता ने प्रथम व सृष्टि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निमिता, शिवानी, रिया ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय व वाद-विवाद प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## बैसाखी पर्व मनाया, लंगर छकाया



**कोटद्वार (चिंगारी)।** स्थानीय रिफ्यूजी कॉलोनी में स्थित श्री गुरुद्वारा माता बेंसरी बाई में बैसाखी पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया। शुक्रवार को श्री सुखमनी साहिब के पाठ के बाद गुरुबाणी कीर्तन और कथा विचार में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम के समापन पर लंगर वितरित किया गया। विशेष दीवान में ज्ञानी गुरदीप सिंह, ज्ञानी प्रताप सिंह, अध्यक्ष सरदार महेंद्र सिंह, स्त्री सत्संग मंडल की प्रधान प्रवेश भाटिया, रेखा भाटिया, मधु भाटिया, रजनी भाटिया, बलराम भाटिया, पुरुषोत्तम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## रोगियों को तनाव कम करने के लिए एम्स में कराया जा रहा योग

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आयुष इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग ने निवारक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए व्यापक एजेंडा तैयार किया है। इस पहल में आईपीडी वार्डों में बेड साइड योग, देखभाल कर्ताओं के लिए वेलनेस कार्यक्रम और रोगी-केंद्रित प्रथाओं को आयुष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहलों के साथ जोड़ा गया है। यह कार्यक्रम भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक चिकित्सा के साथ साक्ष्य-आधारित रूप से एकीकृत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे रोगियों को मानक उपचार के साथ-साथ समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सकेगी। संस्थान में होलिस्टिक हेल्थ केयर को बढ़ावा देने के लिए एम्स के आयुष विभाग ने सरकारी नीतियों के अनुरूप वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल को अपनाया है। यह 10 मिनट का कार्य स्थल वेलनेस मॉड्यूल है, जिसके तहत हेल्थ केयर वर्करों को तरोताजा करने तथा तनाव कम करने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।

## अस्पतालों में फायर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार फायर स्टेशन की ओर से अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के अस्पतालों में फायर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फायर सर्विस की टीम ने बालासौड़ रोड व मुख्य बाजार स्थित नर्सिंग होमों व अस्पतालों में अभियान चलाते हुए अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के संभावित कारणों, उनसे बचाव के प्रभावी उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनायी जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही, अग्निशमन यंत्रों के विभिन्न प्रकार, उनके सही उपयोग, संचालन विधि एवं नियमित रखरखाव के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# विधानसभा चुनाव से पहले बूथ कमेटियों को मजबूत करने का अभियान चलाएगी सपा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के विधानसभा को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) ने व्यापक स्तर पर वोटर जोड़ने का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। एसआईआर के बाद सपा में शुरू हो रही इस क़वायद को चुनावी लिहाज से काफ़ी अहम माना जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव खुद समय समय पर इस प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक़ पार्टी का लक्ष्य है कि कोई भी समर्थक मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर न सिर्फ नए मतदाताओं का पंजीकरण कराएंगे, बल्कि गलत या अप्रासंगिक नामों को सूची से हटवाने का भी काम करेंगे। पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और बूथ कमेटियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खासतौर पर उन बूथों पर फोकस रहेगा, जहां सपा की स्थिति मजबूत मानी जाती है।







# निकाह करके रहूंगी...

## नाबालिग़ लड़की ने नाबालिग़ प्रेमी के मोहल्ले में जाकर ज़हर खाया

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** गैर समुदाय की एक नाबालिग लड़की ने एक मुस्लिम लड़के से निकाह करने की जिद करते हुए अपनी मां के सामने आरोपी लड़के के मोहल्ले में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालिका को पीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल के बाद मेरठ रैफर किया गया है। आरोपी युवक फरार बताया जाता है। आरोपी युवक का पिता व मां पुलिस कस्टडी में लड़की का उपचार करा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी एक गैर समुदाय की नाबालिग लड़की तीन-चार दिन से खंदक मोहल्ले में अपनी मां के साथ बुर्का पहनकर आरोपी नाबालिग युवक के घर के आसपास चक्कर लगाते हुए देखी गई। मोहल्ले के लोगों ने ग्राम प्रधान की मौजूदगी में उसे समझाया कि ऐसा होने से बस्ती का माहौल खराब होता है। बालिका का कहना है कि युवक उससे प्रेम करता है तथा उसने उसकी इज्जत से खिलवाड़ किया है, वह उससे निकाह करके रहेगी। जो लोग इसमें बाधा बनेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही कराऊंगी। छः माह पूर्व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने इस बालिका व उसकी मां को एक धार्मिक स्थान पर इस युवक के साथ पकड़कर पुलिस को सौंपा था। तब इस बालिका ने युवक को अपना मुंह बोला भाई बताकर पुलिस से छुड़वा लिया था। बालिका के पिता ने उसे व उसकी मां को घर से निकाल रखा है। वह पौटा रोड पर एक किराये के मकान में रह रही हैं। थानाध्यक्ष नूरपुर ने बताया कि घटना की जानकारी तो हुई हैं। तहरीर न मिलने के कारण कोई कानूनी कार्यवाही अभी नहीं हुई हैं।

**किराये हेतु**

एक दो मंजिल मकान में ऊपर के तीन कमरे, लॉबी, रसोई, दो बाथरूम किराये के लिये खाली हैं।

पता- श्री हॉस्पिटल के सामने श्री रामनगरी किरतपुर रोड बिजनौर (उ.प्र.)

संपर्क करें- 9719727284, 7060104019

